सूर्योदय : 06.26 बजे

सूर्यास्त : 05.34 बजे

शुक्रवार, 25 नवम्बर 2022

वर्ष-2-अंक 328

मूल्य 2 पृष्ठ 8

e-mail: aknewstv2@gmail.com

RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित




## एलजी के दख़ल से जामा मस्जिद में महिलाओं के प्रवेश पर रोक का आदेश वापस





■ नई दिल्ली

जामा मस्जिद ने महिलाओं के प्रवेश पर रोक वाले विवादास्पद आदेश को बृहस्पतिवार को वापस ले लिया। इस मामले में उठे विवाद के बाद हस्तक्षेप करते हुए दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने शाही इमाम से बात की थी। जामा मस्जिद प्रशासन ने नोटिस लगाया था, जामा मस्जिद में लड़की या लड़कियों का अकेले दाखिला मना है। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने बताया, उप राज्यपाल ने मुझसे बात की। हमने नोटिस बोर्ड हटा दिए हैं। लेकिन मस्जिद देखने के लिए आने वाले लोगों को उसकी शुचिता बनाकर रखनी होगी। जामा मस्जिद के प्रशासन ने इसके मुख्य द्वारों पर नोटिस लगाया था जिसमें कहा गया था कि मस्जिद में लड़कियों के अकेले या समूह में प्रवेश पर रोक है।इस फैसले पर विवाद शुरू होने के बाद शाही इमाम ने आज दिन में कहा था कि यह आदेश नमाज पढ़ने वालों के लिए नहीं है।मस्जिद प्रशासन के सूत्रों ने कहा कि तीन मुख्य प्रवेश द्वारों के बाहर कुछ दिन पहले नोटिस लगाए गए थे, जिन पर तारीख नहीं है।

## लचित बोड़फूकन जयंती वर्ष: पीएम आज समारोह को संबोधित करेंगे

■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्ववर्ती अहोम साम्राज्य के जनरल लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती पर साल भर आयोजित कार्यक्रमों के समापन समारोह को शुक्रवार को संबोधित करेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री 25 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे विज्ञान भवन में आयोजित समापन समारोह को संबोधित करेंगे। लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती वर्ष समारोह का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसी साल फरवरी में असम के जोरहाट में किया था। लचित बोड़फूकन असम के पूर्ववर्ती अहोम साम्राज्य में एक सेनापति थे। सरायघाट के 1671 के युद्ध में उनके नेतृत्व के लिए उन्हें



पहचाना जाता है, जिसमें औरंगजेब के नेतृत्व वाली मुगल सेना का असम पर कब्जा करने का प्रयास विफल कर दिया गया था।इस विजय की याद में असम में 24 नवंबर को लचित दिवस मनाया जाता है। सरायघाट का युद्ध गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के तटों पर लड़ा गया था।

पीएमओ ने कहा कि लचित बोड़फूकन ने 1671 में लड़ी गई सरायघाट की लड़ाई में असमिया सैनिकों को प्रेरित किया, जिसकी वजह से मुगलों को करारी और अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा।उसने कहा, लचित बोड़फूकन और उनकी सेना की ओर से लड़ी गई यह लड़ाई हमारे देश के इतिहास में प्रतिरोध की सबसे प्रेरणादायक सैन्य उपलब्धियों में से एक है। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री का निरंतर प्रयास रहा है कि गुमनाम नायकों को उचित तरीके से सम्मानित किया जाए। पीएमओ के मुताबिक इसी के अनुरूप देश 2022 को लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है।

### मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लचित बोड़फूकन को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने लोगों की भलाई को हर चीज से ऊपर रखा। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, लचित दिवस की शुभकामनाएं। यह लचित दिवस विशेष है क्योंकि हम महान लचित बोड़फूकन की 400 वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा, वह अद्वितीय साहस के प्रतीक थे। उन्होंने लोगों की भलाई को हर चीज से ऊपर रखा। साथ ही वह एक न्यायप्रिय और दूरदर्शी नेता भी थे।

## भाजपा सांसद के गनमैन ने पड़ोसी पर गोली चलाई

■ जयपुर

राजस्थान के भरतपुर जिले में एक सिपाही ने रंजिश में अपने पड़ोस में रहने वाले मां-बेटे पर कथित रूप से गोली चला दी जिसमें महिला की मौत हो गई जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी ने घटना के बाद आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी नीतेश भारतीय जनता पार्टी की सांसद रंजीता कोली के गनमैन के रूप में तैनात था।

पुलिस के अनुसार, भरतपुर जिले के वैर थाना क्षेत्र निवासी नीतेश ने पुरानी रंजिश के चलते अपने पड़ोसियों जमुना देवी (60) और उसके बेटे साहब सिंह (35) पर गोली चला दी।भरतपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि घटना के बाद राजस्थान पुलिस के गनमैन नीतेश ने बयाना थाने में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। बयाना थाने के प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि गनमैन नीतेश ने नशे की हालत में अपने पड़ोसियों जमुना देवी (60) और उसके बेटे साहब सिंह (35) पर गोली चला दी, जिसमें महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल साहब सिंह को जयपुर रेफर किया गया है।

**जरा हट के... बग्गा**




### *विश्व भारती के कुलपति 10 घंटे के घेराव के बाद पहुंचे घर*

**कोलकाता।** विश्व भारती विवि के कुलपति प्रोफेसर विद्युत चक्रवर्ती का कुछ छात्रों ने घेराव किया और वह बुधवार देर रात ही अपने कार्यालय से निकल सके। सुरक्षाकर्मी उन्हें देर रात करीब दो बजे उनके आधिकारिक आवास ले गए। एसएफआई नेता सोमनाथ सॉ ने दावा किया कि चक्रवर्ती के सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारी छात्रों की पिटाई की और घेराव को खत्म करवाया। हालांकि केंद्रीय विश्वविद्यालय की एक अधिकारी ने कहा कि कोई बल प्रयोग नहीं किया गया।

# गुजरात के शिक्षा-क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए: मोदी

■ दहेगाम (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को बदल दिया है और इसे अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बना दिया है।ज्ञात हो कि गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) शिक्षा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठा रही है। गांधीनगर जिले के दहेगाम में दिन की तीसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में शिक्षा का बजट बढ़कर 33,000 करोड़ हो गया है जो कि कई राज्यों में कुल बजट से भी अधिक है।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव प्रचार अभियान के दौरान शिक्षा के दिल्ली मॉडल का जोरशोर से जिक्र कर रहे हैं और वादा कर रहे हैं कि यदि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो वह सरकारी विद्यालयों में आमूलचूल परिवर्तन करके



> मोदी ने कहा, इस क्षेत्र में हमने जो बदलाव किए, उससे पूरे गुजरात के लोगों को फायदा हुआ है।

दिखाएगी। वर्ष 2001 से 2014 तक लगातार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे मोदी ने कहा, करीब 20 से 25 साल पहले गुजरात में शिक्षा के लिए बजट आवंटन महज।,600 करोड़ रुपए था। आज यह 33,000 करोड़ रुपए हैं जो कि कई राज्यों के कुल बजट से कई गुना अधिक है। हमने ए प्रगति की है। दहेगाम में पांच दिसंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान होने हैं। गुजरात में पहले चरण के तहत एक दिसंबर को मतदान होगा। मोदी ने कहा, इस क्षेत्र में हमने जो बदलाव किए हैं उससे पूरे गुजरात के लोगों को फायदा हुआ है। गुजरात में भाजपा ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए हैं और इसे अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीनगर अब शिक्षा का एक बड़ा केंद्र बन गया है जहां बड़ी संख्या में कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं।

मोदी ने कहा कि दुनिया की पहली फोरेंसिक साइंस और चिल्ड्रेंस यूनिवर्सिटी भी गांधनगर में ही हैं। उन्होंने कहा, भारत का पहला ऊर्जा विश्वविद्यालय (पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी) और भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय भी गुजरात की राजधानी में हैं। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का कैंपस दहेगाम और गांधीनगर का गौरव है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टी के नेताओं के पास गुजरात के विकास को लेकर कोई दूरदृष्टि नहीं है और वे उनकी आलोचना करने में ही व्यस्त हैं।

उन्होंने कहा, हम गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त करने के लिए काम कर रहे हैं। झुग्गी में रहने वालों की समस्याओं का निदान करने की बजाय कांग्रेस उनके समक्ष कुछ टुकड़े फेंका करती थी। यह भाजपा ही है जिसने उनके लिए पक्के मकान बनवाए। ज्ञात हो कि भाजपा पिछले 27 सालों से राज्य की सत्ता में है। वह लगातार सातवां विधानसभा चुनाव जीतने के लिए अपना पूरा दमखम झोंक रही है। गुजरात की 180-सदस्ईय विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान होंगे।

## नोटबंदी का 2016 का निर्णय बहुत ही त्रुटिपूर्ण था : चिदंबरम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वरिष्ठ वकील पी चिदंबरम ने 500 रुपए और 1000 रुपए के नोट बंद करने फैसले को गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण बताते हुए बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि केंद्र सरकार वैध नोट से संबंधित कोई भी प्रस्ताव खुद से नहीं कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा केवल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड की सिफारिश पर ही किया जा सकता है। केंद्र के 2016 के फैसले का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक चिदंबरम ने न्यायमूर्ति एस ए नज़ीर की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्ईय संविधान पीठ के समक्ष दलील दी कि बैंक नोट के मुद्दे को विनियमित करने का अधिकार पूरी तरह से भारतीय रिजर्व बैंक के पास है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार अपने आप मुद्रा नोटों से संबंधित कोई प्रस्ताव शुरू नहीं कर सकती है। यह केवल केंद्रीय बोर्ड की सिफारिश पर ही हो सकता है। इस निर्णय प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाना चाहिए। चिदंबरम ने पीठ से कहा, यह निर्णय लेने की सबसे अपमानजनक प्रक्रिया है जो कानून के शासन का मखौल उड़ाती है। इस प्रक्रिया को गंभीर रूप से दोषपूर्ण होने के कारण खत्म कर दिया जाना चाहिए। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी. रमासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना भी शामिल थे।

## कोश्यारी ने सारी हदें पार कर दी हैं: शरद पवार

एजेंसी ■ मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर हालिया बयान को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को महत्वपूर्ण पद नहीं दिए जाने चाहिए। कोश्यारी ने पिछले हफ्ते औरंगाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज"पुराने दिनों" के आदर्श थे। उनके इस बयान की राकांपा और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना गुट ने आलोचना की थी। पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, "जब मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में उनकी टिप्पणी सुनी...अब उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने कल शिवाजी महाराज की प्रशंसा की थी, लेकिन यह देर से समझ में आया। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को (कोश्यारी के बारे में) फैसला लेना चाहिए।

## राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कहा...

## आदिवासियों को वनवासी कहने पर माफी मांगे भाजपा



■ बड़ौदा अहीर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने"भारत जोड़ो यात्रा" के दौरान भाजपा पर हमले जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल आदिवासियों के लिए वनवासी के अपमानजनक संबोधन का इस्तेमाल कर उन्हें अपमानित कर रहा है। मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में यात्रा के दाखिल होने के बीच गांधी ने मांग भी की कि"वनवासी" शब्द के इस्तेमाल के लिए भाजपा को जनजातीय समुदाय से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। गांधी, भाजपा शासित मध्य प्रदेश में"भारत जोड़ो यात्रा" के दूसरे दिन खंडवा जिले में स्वतंत्रता संग्राम के शहीद क्रांतिकारी टंट्या भील की जन्मस्थली बड़ौदा अहीर में जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहाकुछ दिन पहले मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुना जिसमें उन्होंने आदिवासियों के लिए नया शब्द वनवासी इस्तेमाल किया। इस शब्द का मतलब है कि आदिवासी देश के पहले मालिक नहीं हैं और वे सिर्फ जंगल में रहते हैं।

### *शिवाजी पर टिप्पणी: उद्धव ने राज्यपाल को हटाने की मांग की*

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को हटाने की मांग की और राज्य के राजनीतिक दलों से उनके खिलाफ एक एकजुट होने का आग्रह किया। ठाकरे ने यह चेतावनी भी दी कि अगर अगले कुछ दिनों में मांग पर कोई फैसला नहीं किया गया तो उनकी पार्टी राज्यव्यापी बंद की योजना बना सकती है ।पिछले सप्ताह औरंगाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में कोश्यारी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने दिनों के आदर्श थे।

### *ब्रांड के रूप में पतंजलि का उपयोग बंद करें रामदेव: भाजपा सांसद*

**गोंडा।** कैसरगंज सीट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बाल कृष्ण ने महर्षि पतंजलि के नाम पर अरबों रूपयों का व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया है मगर उन्होंने पतंजलि की जन्मभूमि के लिए कुछ नहीं किया। सिंह ने महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली में कहा, बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने महर्षि पतंजलि के नाम का इस्तेमाल करके अरबों-खरबों रूपयों का व्यावसायिक साम्राज्य तो खड़ा कर लिया, मगर उनकी जन्मभूमि गोंडा के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया।

## हम समान कानून लाने को प्रतिबद्ध, लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के पालन के बाद: शाह

■ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सभी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के पालन और चर्चाओं के बाद देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनावों के साथ-साथ एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) चुनाव में भी भाजपा की जीत का भरोसा जताया। गृह मंत्री ने देश की राजनीति को जातिवाद, वंशवाद और तुष्टीकरण के नासूर से मुक्त करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया।



उन्होंने कहा, जो प्रदर्शन करेगा वही देश पर शासन करेगा। जो प्रयास करेगा, वह देश पर शासन करेगा। जो देश समर्थक हैं वे (इस पर) शासन करेंगे। शाह ने कहा, कोई भी व्यक्ति अपने जन्म स्थान या अपनी जाति के आधार पर या कोई कितना तुष्टीकरण करता है, इस आधार पर शासन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने मोदी सरकार की इस नीति को स्वीकार किया है। यूसीसी के बारे में शाह ने कहा कि यह भारतीय जनसंघ के दिनों से ही भाजपा द्वारा देश के लोगों से किया गया एक वादा रहा है।एक चैनल के सम्मेलन में गृह मंत्री ने कहा, न सिर्फ भाजपा ने, बल्कि संविधान सभा ने भी संसद और राज्यों को उचित समय आने पर यूसीसी लागू करने की सलाह दी थी, क्योंकि किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश में कानून, धर्म के आधार पर नहीं होने चाहिए। यदि राष्ट्र और राज्य धर्मनिरपेक्ष हैं तो कानून धर्म पर आधारित कैसे हो सकते हैं? हर धर्म के व्यक्ति के लिए संसद या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित एक ही कानून होना चाहिए।

**कांग्रेस अंतर्कलह** गहलोत बयान से राजस्थान कांग्रेस में आंतरिक कलह और बढ़ता नजर आ रहा है

# पायलट ने गद्दारी की, उन्हें राजस्थान का सीएम नहीं बना सकते

■ नई दिल्ली

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता सचिन पायलट को गद्दार करार देते हुए कहा कि उन्होंने 2020 में पार्टी के खिलाफ बगावत की थी और गहलोत नीत सरकार गिराने की कोशिश की थी इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता।

गहलोत के इस बयान से राजस्थान में कांग्रेस पार्टी में आंतरिक कलह और बढ़ता नजर आ रहा है जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी राजस्थान में आने वाली है। गहलोत ने यह आरोप भी लगाया कि जब पायलट के नेतृत्व में कांग्रेस के कुछ विधायक गुरुग्राम के एक रिसॉर्ट में एक महीने से अधिक समय तक रहे थे, तब इस बगावत में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की भी भूमिका थी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनके पास इस बात का सबूत है कि पायलट समेत प्रत्एक विधायक को 10-10 करोड़ रुपए दिए गए थे। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान चाहे तो 102 विधायकों



में से पायलट को छोड़कर किसी को भी उनकी जगह मुख्यमंत्री बना सकता है। गहलोत ने एनडीटीवी से बातचीत में कहा, विधायक कभी उसे स्वीकार नहीं करेंगे जिसने बगावत की हो और जिसे गद्दार कहा गया हो। वह मुख्यमंत्री कैसे बन सकता है? विधायक ऐसे आदमी को मुख्यमंत्री कैसे स्वीकार करेंगे। मेरे पास सबूत है कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार गिराने के लिए गुरुग्राम के रिसॉर्ट में ठहरे विधायकों को 10-10 करोड़ रुपए दिए गए थे। उन्होंने कहा कि ऐसा उदाहरण कहीं देखने को नहीं मिलेगा जहां प्रदेश में पार्टी का अध्यक्ष वहां की सरकार को गिराने की कोशिश कर रहा हो। हालांकि राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सतीश पूनिया ने इन आरोपों का खंडन किया कि 2020 में कांग्रेस विधायकों को दल बदल के लिए पैसे देने में भाजपा शामिल थी।

### पायलट के साथ गहलोत के मतभेदों को इस तरह सुलझाया जाएगा कि पार्टी मजबूत हो: कांग्रेस

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट पर हमले तेज कर दिए हैं, ऐसे में पार्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके मतभेदों को इस तरह सुलझाया जाएगा कि पार्टी मजबूत हो। कांग्रेस ने यह भी कहा कि इस समय ध्यान भारत जोड़ो यात्रा की सफलता पर होना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, अशोक गहलोत वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। उन्होंने अपने कनिष्ठ सहयोगी सचिन पायलट के साथ जो मतभेद जाहिर किए हैं, उन्हें इस तरह से सुलझाया जाएगा कि कांग्रेस पार्टी मजबूत हो। उन्होंने यह भी कहा, इस समय प्रत्एक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी पहले ही व्यापक रूप से सफल भारत जोड़ो यात्रा को उत्तर भारत के राज्यों में और अधिक प्रभावशाली बनाने की है।

## गहलोत ने मुझे निकम्मा, गद्दार कहा मैं ऐसी भाषा से बचता हूं : पायलट

■ नई दिल्ली

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गद्दार वाले बयान पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इतने अनुभवी किसी व्यक्ति को ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना शोभा नहीं देता। इसके साथ ही पायलट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने और राहुल गांधी का हाथ मजबूत करने के लिए एकजुट होकर लड़ना प्राथमिकता होनी चाहिए। पायलट ने कहा कि गहलोत उन्हें"निकम्मा, नाकारा, गद्दार आदि" कहते रहे हैं, लेकिन उनका लालन-पालन उन्हें इस प्रकार की भाषा के प्रयोग की अनुमति नहीं देता है। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अभद्र शब्दों का प्रयोग, कीचड़ उछालने और आरोप-प्रत्यारोप का जो दौर चल रहा है, उससे कोई उद्देश्य पूरा नहीं होने वाला है। गहलोत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए पायलट ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने अशोक गहलोत जी के आज के बयानों को देखा है जो मेरे खिलाफ है। इतने अनुभव वाले किसी वरिष्ठ व्यक्ति को, जिन्हें पार्टी ने इतना कुछ दिया है, उनका ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना, पूरी तरह झूठे और निराधार आरोप लगाना शोभा नहीं देता।

## सरकारी नौकरियों में खाली पद भरने की क़वायद

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रियों के जरिए 71056 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति-पत्र बांटे हैं। यकीनन यह एक जनवादी और स्वागतयोग्य प्रयास है। बेशक कोई भी सरकार व्यापक स्तर पर सरकारी नौकरियां मुहैया नहीं करा सकती, फिर भी ऐसे प्रयास निरंतर किए जाने चाहिए। कमोबेश उन खाली पदों को तो भरा जाए, जो सरकार के भीतर स्वीकृत हैं और संसद ने उनका बजट भी पारित कर रखा है। प्रधानमंत्री ने 'रोजग़ार मेला' के जरिए 10 लाख नौकरियां देने का जो अभियान शुरू किया है, वे सिर्फ केंद्र सरकार और संघशासित क्षेत्रों तक ही सीमित हैं। केंद्र सरकार में करीब 41.4 लाख पद स्वीकृत हैं। यानी इतनी नौकरियां मुहैया कराई जा सकती हैं, लेकिन मार्च, 2022 को 8.72 लाख पद खाली थे। ये रिक्तियां कम-ज्यादा भी हो सकती हैं, क्योंकि कर्मचारी सेवानिवृत्त होते रहते हैं, लिहाजा नौकरियों की जरूरत ज्यादा भी हो सकती है। पहला सवाल तो यह है कि केंद्र सरकार में ही इतने पद खाली क्यों पड़े रहे हैं? राज्य सरकारों में भी करीब 50 लाख पद खाली होंगे। उन्हें भरना राज्य सरकारों का दायित्व है। ये खाली पद यथासमय भरे गए होते, तो इतने लाख लोगों को नौकरियां मिल गई होतीं और इतने घरों में खुशहाली के दीये जल रहे होते! प्रधानमंत्री यही चाहते हैं, तभी तो भारत एक विकसित देश बन सकेगा! देश में अक्तूबर की बेरोजग़ारी दर 7.7 फीसद है। अगस्त में यह दर 8.28 फीसद तक भी पहुंच गई थी। लगातार ऐसे सर्वे भी सामने आते रहे हैं कि करोड़ों युवाओं ने नौकरी या रोजग़ार से ही मुंह मोड़ लिया है, क्योंकि जब उनकी उम्र थी और वे नौकरी की तलाश में प्रयासरत थे, तब उन्हें नौकरी नहीं मिली, नतीजतन वे नौकरी के प्रति विमुख हो गए। जो छोटे-मोटे धंधे कर रहे थे, उन्हीं में संलग्न हैं।भारत जैसे विशाल, विविध और कार्य-बल वाले देश में युवा पीढ़ी की यह मानसिक स्थिति एक नकारात्मक संकेत है। इसका प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और मांग पर भी पड़ता है। बेरोजग़ारी दर भी कम नहीं है। ऐसे परिवेश में 'रोजग़ार मेला' संभावनाओं का प्रयास है। माना जा सकता है कि अप्रैल-मई, 2024 में लोकसभा चुनाव हैं और 2023 में भी कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

> **बेशक कोई भी सरकार व्यापक स्तर पर सरकारी नौकरियां मुहैया नहीं करा सकती, फिर भी ऐसे प्रयास निरंतर किए जाने चाहिए। कमोबेश उन खाली पदों को तो भरा जाए, जो सरकार के भीतर स्वीकृत हैं और संसद ने उनका बजट भी पारित कर रखा है।**

### वैदिक विचार —स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

## स्वदेशी का अर्थ

*उपस्थास्ते अनमीवा अयक्ष्मा अस्मभ्यं सन्तु पृथिवि प्रसूताः।*
*दीर्घं न आयुः प्रतिबुध्यमाना वयं तुभ्यं बलिहृतः स्याम।।*

अ थर्ववेद 12.2.62

जीवनविज्ञान की दृष्टि से स्वदेश का ही स्थल, स्थान, जल-वायु, खान-पान, वस्त्र-भूषा स्वास्थ्यप्रद तथा नीरोगिताकारक होते हैं। जिस माता के गर्भ से बालक का जन्म होता है उसी माता की गोद, प्रीति, दृष्टि, और उसी माता का दूध उसके लिए मंगलकारी तथा पुष्टिदायक होते हैं। इसी प्रकार, जिस मातृभूमि में, जिस जन्मभूमि में आपका जन्म हुआ है उसी में उपजी ओषधियों का तथा उसी में उत्पादित वस्त्रादि, सकन वस्तुओं का सेवन करना सब दृष्टियों से हितकारी होगा। ऐसा करने से जहां आप सदा स्वस्थ तथा नीरोग रहेंगे वहां आपकी आयु भी दीर्घ होगी। सदा स्वस्थ और आपके राष्ट्र की आर्थिक अवस्थ का भी सुधार होगा। स्वेदेशी वस्तुओं में आपकी आस्था और श्रद्धा बढ़ने से आपमें देशभक्ति और देशप्रेम की भावना का उदय होगा। यदिआप वास्तव में अपनी मातृभूमि के भक्त हैं तो स्वदेशीव्रत का प्राणापरा से पालन कीजिए।

### आज का विचार —डॉ. विनोद दीक्षित

## सरलता

सरलता का सामान्य अर्थ अंदर और बाहर से एक जैसा व्यक्तित्व हो। एकदम पारदर्शिता हो ।ऐसे व्यक्ति को ही लोग सरल कहते हैं। इसके विपरीत है चतुर होना, अधिक चतुराई हमारी मूर्खता को प्रदर्शित करतीहै ।आज कोई भी चतुर होकर प्रसन्न एवं सुखी नहीं हो सकता है। चतुराई करने वाले से उसके स्वयं के अपने स्नेह नहीं करते हैं, उसका आदर नहीं करते हैं। चतुराई इतनी ही अच्छी होती है कि कोई हमें मूर्ख न बना दे, उस से बच कर रहा जा सके, दूसरों की चतुरता समझ जाए उतनी ही चतुराई उचित है ।सरल व्यक्ति ही जीवन का रस लेता है, सरलता से ही भक्ति के सोपान पर आगे बढ़ा जा सकता है। आज का दिन आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

### पत्र मिला

## सर्वाधिक आबादी की चुनौती

अगले साल भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। यह अनुमान संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनएफपीए का है। 2022 में भारत की आबादी 1.41 अरब तक पहुंच चुकी है। अभी चीन की जनसंख्या 1.43 अरब है। अभी जनसंख्या वृद्धि की जो रफ्तार है, उसके हिसाब से 2050 में भारत की जनसंख्या 1.67 अरब हो जाएगी। लेकिन चीन की आबादी तब 1.32 अरब ही होगी। तो यह अनुमान निराधार नहीं है कि ज्यादा आबादी भूख और गरीबी जैसी चुनौतियों को और गंभीर कर सकती है। इसीलिए बहुत तेजी से जनसंख्या में वृद्धि गरीबी उन्मूलन, भूख और कुपोषण से लड़ाई और शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार को और चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत को अभी से इन असली चुनौतियों की तरफ ध्यान देना होगा। विशेषज्ञों ने उचित सलाह दी है कि भारत सरकार विकास को समान और टिकाऊ रूप से सब तक पहुंचाने की योजना बनानी चाहिए। इसके लिए सरकार की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक नीतियों में सुधार की जरूरत है।सार यह कि आने वाले समय में भारत को बढ़ती और बूढ़ी होती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए उपाय करने होंगे। इनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में सुधार जैसी बातें शामिल होंगी।

**कल्याण अग्रवाल, गुरुग्राम**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

# हृदय प्रदेश में दो-दो यात्राओं का संदेश!



**ऋतुपर्ण दवे**
लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं

सियासत के न जाने कितने रंग और रूप होते हैं, शायद सियासतदारों को भी न पता हो। शह और मात का खेल शतरंज में होता जरूर है लेकिन मौजूदा दौर में तो वह सियासत पर परवान चढ़ाता चाहे जब और जहां दिख जाता है। इन दिनों देश में गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव के साथ दिल्ली महानगर पालिका चुनावों की पूरे देश में भले ही चर्चा हो रही हो लेकिन एक राज्य ऐसा भी है जहां विधानसभा चुनाव को पूरे वर्ष भर बांकी हैं लेकिन राजनीतिक सरगर्मियां कुछ ऐसी हैं कि पूछिये मत। चुनावी समर में भाजपा और कांग्रेस किसी भी तरह की जोर आजमाइश में एक दूसरे से पीछे नहीं है। राष्ट्रपति का दौरा, प्रधानमंत्री का महीने भर के अन्तराल में दो बार दौरा, केन्द्रीय गृह मंत्री का दौरा और अब सरकार की गौरव यात्रा तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के पहुंचने के मायने बेहद खास हैं। कहने की जरूरत नहीं कि बात मध्यप्रदेश की हो रही है। अगले वर्ष यानी 2023 में ठीक इन्हीं दिनों देश का दिल कहें या भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश चुनावी कोलाहल की उफान में डूबा हुआ होगा। ऊंट किस करवट बैठेगा इसको लेकर कोई ठोस दावा भी होता नहीं दिख रहा है।

2018 के चुनाव में थोड़े से अंतराल से पिछड़ने के बाद बहुमत से पिछड़ी भाजपा को दोबारा सत्ता में आने खातिर जिस तरह से नाटकीय घटनाक्रम हुए जिसमें कांग्रेस विधायकों का थोक इस्तीफा, दलबदल और उप-चुनाव में पसीना बहाकर बहुमत हासिल करना पड़ा, वैसी नौबत ही न आए सारी कवायद बस इतनी है। मतदाताओं को साधने की कवायद में भाजपा तेजी से सक्रिय है। किसी न किसी बहाने लोगों तक पहुंच रही है उस मुकाबले कांग्रेस बहुत पीछे है। राहुल गांधी की पदयात्रा कांग्रेस को कितनी संजीवनी दे पाएगी यह वक्त बताएगा। लेकिन जो दिखता है और लोग मानते भी हैं कि जिस आत्मविश्वास, उत्साह, इशारे और संगठानात्मक मजबूती के साथ शिवराज सिंह चौहान के तेवर बदले हुए हैं वो बताते हैं कि वो पांचवीं बार भी प्रदेश की कमान संभालने की जुगत में अभी से जुट गए हैं। तमाम सभाओं में आला अधिकारियों को फटकारना, निलंबित करना, अपराधियों विशेषकर बलात्कारियों या सूदखोरों के घर ढ़हा देने के फैसलों से भी एक नई हवा बनी है। कभी यह चर्चा होती थी कि वो दिल्ली को भाते नहीं है वह भी नहीं दिखती उल्टा प्रधानमंत्री के साथ उनकी हालिया लगभग सारी मुलाकातें और महीने में दो बार आने से भी जहां खुद भाजपा कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश गया वहीं प्रशासनिक हल्के को भी समझ आ गया है कि 2023 की कैसी तैयारी करना है।

17 सितंबर और महीने भर के ही अन्दर 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मध्यप्रदेश में उपस्थिति बताती है कि मिशन 2023 के लिए मोदी का प्रदेश में सबसे ज्यादा भरोसा किस पर है। 17 सितंबर अपने 72 वें जन्मदिन पर मध्यप्रदेश के कूनो अभ्यारण्य में 8 चीते जिन्हें नामीबिया से लाकर छोड़ना तो वहीं 26 दिन बाद ही धार्मिक नगरी उज्जैन में सुप्रसिध्द बाबा महाकाल लोक का उद्घाटन कर इतना तो साफ कर दिया कि कि भाजपा अगला चुनाव किसके नेतृत्व में या किसे मुखिया बनाकर लड़ेगी। दोनों ही मौकों पर प्रधानमंत्री के सबसे करीब और सबसे ज्यादा वक्त तक कोई दिखा तो वो थे शिवराज सिंह चौहन। रही-सही कसर इस मौके की सामने आई तमाम तस्वीरों ने पूरी कर दी। राजनीतिक गलियारों में चल रही चर्चाओं को ही लें तो गलत नहीं होगा क्योंकि आजादी के अमृतकाल में जहां चीतों के पुनर्वास का अलग सा काम हुआ वहीं कहा जाता है कि महाकाल मंदिर जिसका निर्माण द्वापर युग से भी पहले का है तथा इतिहास बताता है कि मंदिर पर कई बार आक्रमण हुए तथा 11वीं सदी में इल्तुतमिश ने नष्ट भी कर दिया जिसे बाद में हिंदू राजाओं ने इसका पुर्ननिर्मित करवाया। उसी महाकाल के महालोक का नया लुक देने का ऐतिहासिक काम अब हुआ।



स्वाभाविक है दोनों बड़ी उपलब्धियां है और श्रेय किसको जाता है, सबको पता है। जाहिर है शिवराज सिंह चौहान ने वो रास्ता सुरक्षित कर लिया जिसमें प्रदेश के विकास और समृध्दि के साथ उनकी राजनीतिक धाक भी मायने रखती है।

अभी मध्य प्रदेश का मालवा-निमाड़ सियासी अखाड़ा बना हुआ है। वहीं 15 नवंबर को विन्ध्य में राष्ट्रपति की शहडोल यात्रा के दौरान जनजातीय वर्ग को साधने खातिर बिरसामुण्डा जयंती के मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का मप्र की धरती में पहले आगमन पर विन्ध्य, महाकौशल के 11 जिलों के जनजातीय समुदाय की उपस्थिति और इसी दिन राष्ट्रपति पेसा एक्ट (पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) लागू किए जाने के मायने बहुत गहरे हैं। राष्ट्रपति की मौजूदगी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बेहद अलग व कड़क भाषण सुनने को मिला। पेसा एक्ट की खूबियाँ बताकर इसे जनजाति समुदाय का स्वराज साबित बताना बताता है कि दरअसल कहीं पे निशाना और कहीं पे निगाहें हैं। मध्यप्रदेश में जो भी कुछ राजनीतिक सरगर्मियां है नवंबर 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर है। 230 सीटों में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 35 तो वहीं आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं। मध्यप्रदेश में 84 विधानसभा सीटों पर आदिवासी वोट बैंक का जबरदस्त दखल है। 2018 में मध्यप्रदेश में आदिवासी सीटों के नतीजे बेहद चौंकाने वाले थे। 47 सीटों में भाजपा 16 जीत पाई थी जबकि कांग्रेस ने 30 सीटें जीतीं थीं। सरकार कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की बनीं लेकिन बाद में राजनीतिक जोड़-तोड़, इस्तीफे, दलबदल के चलते भाजपा ने 23 मार्च 2020 को कमल नाथ के स्थान पर न केवल वापसी की बल्कि उप-चुनाव में भी सफलता हासिल की जिससे शिवराज सिंह चौहान की चौथी पारी बरकरार है।

सारा खेल यही साधने का है राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के 23 नवंबर को मध्यप्रदेश पहुंचने के बाद सरगर्मी बढ़ गई है। इसके 3 दिन पहले 20 नवंबर से शिवराज सिंह की टंटया भील गौरव यात्रा का आगाज हो चुका है जो सभी 89 आदिवासी ब्लॉक जाएगी। दोनों ही यात्राओं का समापन 4 दिसंबर को होगा। गौरव यात्रा इन्दौर में थमेगी तो राहुल की यात्रा 12 दिनों में 386 किमी की मध्य प्रदेश यात्रा केवल बुरहानपुर, खड़वा, खरगोन, इंदौर, उज्जैन और आगर मालवा जिलों से होकर 4 दिसंबर को यात्रा आगर मालवा जिले से राजस्थान कूच कर जाएगी। यकीनन मध्यप्रदेश से राजनीति की बेहद रोचक तस्वीरें देश को दिखेंगी। जब आप यह पढ़ रहे होंगे तब जहां कॉंग्रेस का उत्साह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर चरम पर होगा वहीं उनके साथ उनकी बहन प्रियंका, बहनोई राबर्ट वाड्रा और भांजा रोहन 4 दिनों तक रहकर मध्यप्रदेश में कॉंग्रेस की राजनीति को एक नए सियासी मुकाम पर ले जाने की दिशा तय करेंगे।

ऐसा लगता है कि कॉंग्रेस ने भी सॉफ्ट हिन्दुत्व का रास्ता चुन लिया है क्योंकि मध्यप्रदेश में प्रवेश के मौके पर राहुल की बढ़ी हुई दाढ़ी और माथे पर पीला तिलक तो इन्दौर विमानतल से निकलते वक्त रावर्ट वाड्रा का महाकाल लिखा टी शर्ट पहनना वहीं प्रियंका गांधी द्वारा कार में अपनी गोद में माता को चुनरी संभाल रखना बड़ा संकेत है। कहने की जरूरत नहीं इसके सियासी मायने क्या हैं? प्रदेश में डेढ़ करोड़ जनजातीय वर्ग को साधने दोनों ही दलों की कवायद तेज है। एक दिन के ही अंतर से शिवराज सिंह चौहान व राहुल गांधी का मामा टंट्या भील की जन्म स्थली बड़ोद अहीर में पहुंचना बताता है कि 2023 का चुनाव पूरी तरह से जनजातीय वर्ग को साधने पर केन्द्रित है। शायद 2018 की पुनरावृत्ति दोनों ही दलों को स्वीकार्य नहीं होगी। मध्यप्रदेश में 80 से ज्यादा सीटें ऐसी हैं जहां आदिवासी मतदाता जीत-हार का फैसला करते हैं।

बस देखना यही है कि इस कवायद में कौन कितना तेज दौड़ पाता है क्योंकि शिवराज सिंह चौहान जहां पहले ही शहडोल में 11 जिलों के लोगों के जरिए एक खास संदेश देकर अब मालवा व पश्चिम निमाड़ पर नजरें गड़ाए हुए हैं वहीं कांग्रेस केवल राहुल गांधी का पसीना बहाकर कितना फायदा ले पाती है?

### किसने क्या कहा...



भाजपा सरकार ने गुजरात के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए: प्रधानमंत्री मोदी



आदिवासियों को 'वनवासी' कह कर उनके अपमान के लिए हाथ जोड़कर माफी मांगे भाजपा : राहुल गांधी




कुछ लोग अदालत चले जाते हैं जिससे रिक्तियों को भरने के सरकार के प्रयासों में बाधा आती है: ममता बनर्जी



पायलट ने गद्दारी की, उन्हें राजस्थान का मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता: गहलोत

### कार्टून...




## व्यापार मेला और लोकल फॉर वोकल

**ट्रेड फेयर**
**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला इस मायने में महत्वपूर्ण है कि इस साल देश में आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला की अपनी विशिष्ठ पहचान है। समूचे देश की झलक यहां देखने को मिल जाती है। इस बार खास बात यह है कि लोकल, वोकल और ग्लोबल को इस मेले में साकार किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि इस दफा व्यापार मेले में 95 प्रतिशत उत्पाद स्वेदशी (भारतीय) इसका सीधा अर्थ है कि यहां लोकल फॉर वोकल की थीम साकार हो रही है। देशी-विदेशी दर्शकों को यह उत्पाद भा भी खूब रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मई, 2020 में देश के नाम संबोधन में 20 लाख करोड़ रुपये का पैकेज देने की घोषणा के साथ ही लोकल, वोकल और ग्लोबल का संदेश दिया था। तब लोगों ने यह नहीं सोचा था कि इस संदेश का असर इतना गहरा है। बहुत कम समय में यह संदेश समूचे देश की आवाज बन गया। यह हमारी अर्थव्यवस्था की खूबसूरती ही ही है कि स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे कुटीर उद्योग हमारी परंपरा से चलते आए हैं। इसके साथ ही औद्योगिकरण के दौर में स्थानीय स्तर पर जो औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुए वे स्थानीय जरूरतों खासतौर से खाद्य सामग्री की आपूर्ति में पूरी तरह से सफल रहे हैं और यही कारण रहा कि कोरोना काल में सब कुछ थम जाने के बावजूद देश में कहीं भी खाद्य सामग्री की सप्लाई चेन नहीं टूटी। यहां तक कि दुनिया के देशों के लिए दवा की आपूर्ति करने में सफल रहे। बल्कि कोरोना का टीका उपलब्ध कराकर भारत की




साख को और अधिक मजबूत किया। यह अपने आप में बड़ी बात है।

मई 2020 के संदेश में प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने का संदेश देने के साथ ही उसकी आवाज बनने का यानी की उसके प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने का संदेश भी दिया था। अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में स्थानीय उत्पाद को वैश्विक मंच पर पहुंचा कर यह साफ कर दिया गया है कि बदलते दौर में स्वदेशी ही आर्थिक समस्याओं का बड़ा समाधान है। इससे निश्चित रूप से विदेशी का मोह भी कम होगा। महात्मागांधी की 150 वीं जयंती समारोह और उसके बाद जयपुर में आयोजित ग्लोबल खादी कॉन्फ्रेंस में भी यही संदेश दिया गया। ग्रामोद्योग को अपनाने के लिए कहने के साथ ही खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई। राजनीतिक प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज देश और विदेश में खादी ब्रांड बनकर उभरी है और लोगों की पसंद बनने लगी है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में लकड़ी और मिट्टी के बने उत्पादों की जबरदस्त मांग है। यह प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण के प्रति सजगता की पहचान है। लोग अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं। इसकी वजह यह है भी है कि उत्पादों को आज की जरूरत के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। लोग जूट के उत्पाद भी खरीद रहे हैं। जड़ी-बूटियों पर भी जन विश्वास बढ़ा है। बदलते हालात में देश के सामने नए अवसर आए हैं। स्थानीय उत्पाद ग्लोबल पहचान बन रहे हैं। यह देश और देश की अर्थव्यवस्था के लिए नया अवसर है।

### बेबाक क़लम — डॉ. वेदप्रताप वैदिक



## पाकिस्तान में फौजी भ्रष्टाचार

पाकिस्तान की फौज को दुनिया की सबसे ज्यादा भ्रष्ट फौज माना जाता है। पाकिस्तान का हर महत्वाकांक्षी नौजवान फौज में भर्ती होना चाहता है, क्योंकि वहां मूंछों पर ताव देकर रहना और पैसा बनाना सबसे आसान होता है। पाकिस्तान के लोग फौजियों का जरूरत से ज्यादा सम्मान करते हैं या उनसे बहुत ज्यादा डरते हैं, कहा नहीं जा सकता। अब से लगभग 40 साल पहले जब मैं पहली बार पाकिस्तान गया तो रावलपिंडी में फौज के मुख्यालय के पास एक दुकान में किताबें खरीदने गया।मुझे देखते ही उस दुकान के मालिक और सारे कर्मचारी मुझे सेल्यूट मारने लगे, क्योंकि उन दिनों मैं सफारी सूट पहना करता था और मूंछें भी थोड़ी बड़ी रखता था। किताबें चुनने के बाद जब मैंने बिल मांगा तो मालिक बोला, सर आप कैसी बात कर रहे हैं? मैं किताबें आपकी कार में रखवा चुका हूँ। मैं पाकिस्तान के कई राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और बड़े उद्योगपतियों के घरों में भी गया हूं लेकिन जो ठाठ-बाठ मैंने सेनापतियों और फौजियों के घरों में देखा, वैसा भारत के किसी फौजी के घर में नहीं देखा।

इस वक्त जनरल क़मर बाजवा पाकिस्तान के सेनापति हैं। उनकी कुल निजी संपत्ति लगभग 500 करोड़ रु. की आंकी जा रही है। इसका पता तो उनके खिलाफ प्रचार कर रही एक वेबसाइट ने दिया है। यह भी एक कारण बताया जा रहा है, उनके स्वेच्छया सेवा-निवृत्त होने का! इसमें थोड़ी बहुत अतिशयोक्ति भी हो सकती है लेकिन इनकी तुलना ज़रा हमारे सेनापतियों से करें। वे बेचारे अपनी पेंशन पर किसी तरह गुजारा करते हैं। पाकिस्तान के कई फौजियों के जैसे आलीशान मकान मैंने लंदन, न्यूयार्क, फ्रेंकफर्ट और दुबई में देखे हैं, वैसा एक भी मकान किसी भारतीय सेनापति का मैंने आज तक विदेशों में कभी नहीं देखा।पाकिस्तान में फौज ने भारत का ऐसा भयंकर डर पैदा कर रखा है कि पाकिस्तानी जनता उसे अपना सर्वेसर्वा बनाने पर मजबूर हो जाती है। वह किसी भी बड़े फौजी को अपना तानाशाह स्वीकार कर लेती है। वह जुल्फिकार अली भुट्टो, बेनज़ीर और नवाज शरीफ जैसे लोकप्रिय नेताओं को जब चाहे कान पकड़कर बाहर कर देती है। इमरान खान जैसे नेता का जीना भी हराम हो जाता है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान की फौज ने सत्ता के साथ पत्ता (नोट) को भी अपने काबू में ले लिया है।

वह राजपूती दिखाते-दिखाते बनियागीरी भी करने लगी है। उसने लगभग डेढ़ लाख करोड़ रु. का कारोबार चला रखा




है। उसमें बैंकिंग, मेडिकल सर्विसेज़, खाद, बीज, तेल, पेट्रोल पंप, बिजली घर, एयरपोर्ट सर्विसेज आदि दुनिया भर के धंधे खोल रखे हैं। इन धंधों के संगठनों को कई नाम दे रखे हैं लेकिन उन्हें फौजी ही चलाते हैं। बड़े फौजियों के अपने निजी धंधे हैं।

पाकिस्तान में और विदेशों में भी! अरबों रु. के इन धंधों तथा स्विस बैंकों में चल रहे इनके गुप्त खातों पर लंदन और न्यूयार्क के अखबारों में अक्सर भांडाफोड़ होता रहता है लेकिन पाकिस्तान की जनता इनके खिलाफ खुलकर बगावत इसीलिए नहीं करती कि उसके दिल में यह बात बिठा दी गई है कि भारत तो पाकिस्तान को खत्म करना ही चाहता है लेकिन यह सर्वशक्तिमान फौज ही है, जिसकी कृपा से वह बचा हुआ है। पाकिस्तानियों के मन से जिस दिन भारत का भय निकल गया, उसी दिन से यह फौज अपनी पटरी पर चलने लगेगी। यदि फौज पटरी पर चलने लगे तो पाकिस्तान भी भारत की तरह एक लोकतांत्रिक देश बन सकता है। (लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)

## ब्लॉक नवाबगंज के बाबागंज ऐतिहासिक मंदिर बाबा परमहंस कुट्टी पर धनुष यज्ञ मेले का शुभारंभ



**अमर ख्याल बाबागंज ( बहराइच )** नवाबगंज ब्लॉक बाबागंज में ऐतिहासिक मंदिर बाबा परमहंस पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम विवाह एवं धनुष यज्ञ मेले का शुभारंभ हो गया है जो 28 नवंबर 2022 से चालू है,, ऐतिहासिक मानी जानेवाली बाबा परमहंस मंदिर बाबागंज सदियों से आस्था के केंद्र बनी रहे जिनमें क्षेत्र के काफी लोगों का आना जाना रहता है और राम विवाह और मेले में हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहते हैं बहुत ही हर्षोल्लास के साथ राम विवाह का आयोजन किया जाता है और मेला भी 1 महीने का होता है मेला नजदीक आते ही सजने लगी दुकाने आस्था का केंद्र बाबा परमहंस कुट्टी बाबागंज मेला समिति के प्रभारी बाबादीन वर्मा ने दी

## नेपालगंज के प्रतिनिधि सभा (सांसद) पद के चुनाव में धवल शमशेर विजयी



**अमर ख्याल रूपईडीहा ( बहराइच )** पड़ोसी देश नेपाल में जिला बांके के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 2 प्रतिनिधि सभा (सांसद) के चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता दो बार के पूर्व मंत्री मोहम्मद इश्तियाक राय को हार का सामना करना पड़ा है। इसबार के प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राप्रपा के डॉ धवल शमशेर राणा बांके के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 2 सांसद के पद पर विजयी हुए हैं। डॉ धवल शमशेर राणा को 29,577 मत हासिल हुए। ??उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनता समाजवादी पार्टी के मो० इश्तियाक राई को 23520 वोट मिले। राणा ने इश्तियाक राई को 6057 मतों के अंतर से शिकस्त दी। तीसरे नंबर पर रहे नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार सुदीप नरसिंह राणा को 4403 वोट मिले हैं। बांके के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 2 प्रतिनिधि सभा में एमाले और राप्रपा के बीच गठबंधन था। इस क्षेत्र से 2017 में मो० इश्तियाक राई सांसद चुने गए थे।

## मंडलीय बेसिक बाल कीड़ा प्रतियोगिता (योग) में जनपद गोरखपुर ने प्रथम (गोल्ड)स्थान प्राप्त किया



**अमर ख्याल गोरखपुर ।** विकासखंड सरदारनगर कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर संघर्षशील शिक्षिका श्रीमती वंदना सिंह व अनुदेशिका शोभा यादव के संघर्षों के द्वारा जिले से लेकर मंडल तक संघर्ष किया इन्हीं दोनों शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों ने योग में ऐसा प्रतिभा दिखाया की इन बच्चों का स्टेट में प्रतिभा करने का अवसर मिला ग्राम सभा लक्ष्मणपुर के प्रधान सुमित निषाद का योगदान रहा है विकास खंड सरदार नगर के खंड शिक्षा अधिकारी श्री राकेश पांडे जी ने ढेर सारी शुभकामना दी और साथ में शिक्षक संघ के मंत्री अनिल चंद,शुक्ला सर मारकंडे चौरसिया संजीव सिंह अपर्णा राय अनेक शिक्षकों ने बधाई दिया

## भौंरा ग्राम के बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में मारी बाजी



**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर** 36वी ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवम शैक्षिक समारोह का आयोजन मुख्यालय के राजकीय महाविद्यालय कुछेछा में आयोजित की गई। प्रधानाध्यापक विपिन कुमार सोनी ने बताया की विद्यालय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय भौंरा की दो बालिकाओं ने 200 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया! जिसमें कक्षा-7 की बालिका सलोनी पुत्री दिग्विजय ने ब्लॉक स्तर पर द्वितीय स्थान व कक्षा 8वी की बालिका अंजना पुत्री शिवपूजन ने तृतीय स्थान प्राप्त पर अपने ग्राम पंचायत भौंरा का परचम लहराया।बालिकाओं एवं ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने इस सफलता का श्रेय अपने खेल शिक्षक मनोज कुमार व सभी शिक्षकों को दिया। ग्राम प्रधान का मानना है कि जिस हिसाब से हमारी ग्राम सभा एक मॉडल ग्राम सभा के रूप में चयनित है तो यहां पर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य हम सभी को करना है आज ऐसी ही प्रतिभाएं निकल कर आई जिन्होंने अपना नाम एवं गांव का नाम रोशन किया ऐसे ही विकास कार्य के लिए भी हमें सभी के साथ मिलकर गांव को चार चांद लगाने का कार्य करने का लक्ष्य है

## अज्ञात कारणों से लगी आग 06 झोपड़ी जलकर हुई राख



**अमर ख्याल , अहमद रजा हरैया ( बलरामपुर )** जनपद के थाना हरैर्या क्षेत्र के अंतर्गत गनवरिया गांव में बुधवार की देर शाम को अज्ञात कारणों से आग लग गयी जिसमे मायावती पत्नी नानमून के झोपड़ी में आग लग गयी देखते ही देखते आग ने राम अचल,जगदीश,लल्लू,कृष्ण कुमार,दुःखहरन के झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया।जिससे इस सभी लोगों का झोपड़ी जलकर राख हो गया।सूचना पर पहुंची यूपी 112 की पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया।कुछ देर बाद सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। इस संबंध में हल्का लेखपाल वसीम खान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है जल्द ही अहेतुक सहायता राशि दिला दी जाएगी।

## स्काउट कार्यक्रम हुआ संपन्न

संवाददाता

कुशीनगर । भागीरथी देवी कन्या इण्टरमीडिएट कॉलेज कोटवा कलां जनपद-कुशीनगर में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आज समापन दिवस पर विकास खण्ड नेबुआ नौरंगिया के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि माननीय श्री शेषनाथ यादव जी (मुख्य अतिथि) के द्वारा स्काउट ध्वज फहराया गया प्रमुख प्रतिनिधि जी का विद्यालय के



प्रधानाचार्य जी द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा ब्लॉक के ए० डी०ओ० , जेई एँव आइडियल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मेनका सिंह द्वारा प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया गया` इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश सिंह स्काउट टीचर तमजीर आलम साथ मे विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे` प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कम्पनी एवं दल को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा उपहार वितरित कर समस्त छात्र /छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश सिंह , सहायक अध्यापक राजकिशोर शर्मा, जैद अख्तर तमजीर आलम, शाहवाज आलम .धनंजय कुमार मिश्रा, संतोष मौर्या रामसवारे आकर्ष कुमार सिंह, रामानन्द कुशवाहा, निलेश कुशवाहा, रामकिशुन विपिन कुमार सिंह रामानन्द यादव उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जिले की पुलिस ने की एन्टिरोमियो चेकिंग



संवाददाता चमन अली

हमीरपुर जनपद पुलिस के समस्त थानों में गठित एंटी रोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड,बाजा,सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओ व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना व एण्टी रोमियों टीम व उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं व बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों एवं शोहदों से पूछताछ कर हिदायत दी गई

## बच्चों ने इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला व आंचलिक विज्ञान केन्द्र लखनऊ की सैर

संवाददाता मुकेश कुमार

सीतापुर । बेहटा ब्लॉक में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट इन्दिरा गाँधी नक्षत्रशाला एवम आंचलिक विज्ञान केन्द्र लखनऊ के लिये बेहटा बी.आर.सी. से आज 24 नवम्बर 2022 को सुबह 8 बजे बस द्वारा 50 छात्र /छात्राओं को वरिष्ठ गुरु जी श्री जय प्रकाश द्विवेदी जी (प्रधानाध्यापक) प्रा.वि.इस्माइलगंज ने बस को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर



छात्र/छात्राओं के साथ यात्रा में ए.आर.पी. अतुल शुक्ला,अवेज खान, मो.असलम, अध्यापिका रुचि अग्रवाल,रेनू मिश्रा,देवेश अहिरवार साथ रहे। यात्रा रवाना होने के मौके पर अन्य अध्यापक वफाउल्ला खान,डॉ.इन्द्रसेन सिंह,सुरेन्द्र यादव,तुफैल अहमद खान,सत्य प्रकाश सिंह,सोनवीर सिंह,नवीन मिश्रा,मिश्री लाल आदि मौजूद रहे।लखनऊ में बच्चों के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवंत सिंह साथ रहे उनकी मौजूदगी में इन्दिरा गाँधी नक्षत्रशाला एवम आंचलिक विज्ञान केन्द्र लखनऊ का भ्रमण किया इन सबको देख कर बच्चों में और भी जिज्ञासा दिखाई दी। डीमूवी देखकर बच्चे और भी उत्साहित हुए। इसके उपरांत बच्चों को ,जलपान, भोजन की व्यवस्था करायी गयी छात्र/छात्राओं के एक्सपोजर विजिट की यात्रा मंगलमय होने की कामना की व छात्र/छात्राओं को शुभआशीर्वाद दिया।

## जोगिया खुर्द में बाढ़ पीड़ितों को वितरित किए गए राहत सामग्री ठंड के लिए रजाई

### सेवाभाव का अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रही है लांयस क्लब -जिलाधिकारी



**अमर ख्याल अहमद रजा**

**ललिया बलरामपुर** में लायंस क्लब द्वारा तहसील सदर के ग्राम पंचायत जोगिया खुर्द में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत सामग्री वितरण एवं ठंड से बचाव के लिए रजाई वितरण कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा 100 बाढ़ पीड़ितों व जरूरतमंदों को राहत सामग्री एवं दो-दो रजाई वितरित की गई। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने पर लायंस क्लब को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि जनपद को भीषण बाढ़ की त्रासदी से गुजरना पड़ा, जिसमें जनपद की लगभग 5 लाख आबादी प्रभावित हुई, बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्य में प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर किया गया, जिसमें कि स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा आगे आकर मदद की गई। लायंस क्लब द्वारा बाढ़ पीड़ितों एवं जरूरतमंदों को राहत सामग्री एवं ठंड से बचाव के लिए रजाई वितरण कर सेवाभाव का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया गया है।लायंस क्लब अध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बताया कि कैंप में डायबिटीज एवं मोतियाबिंद की निशुल्क जांच की जा रही है, ज्यादा से ज्यादा लोग आकर निशुल्क जांच का लाभ ले। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष निष्काम गुप्ता, सचिव अशोक गुप्ता मंडल चीफ विश्वनाथ चौधरी, डिस्ट्रिक्ट सचिव विनीत श्रीवास्तव, रीजनल चेयरमैन प्रितपाल सिंह, ब्लड डोनेशन चेयरमैन आलोक अग्रवाल, तहसीलदार बलरामपुर सदर अवधेश कुमार व जनप्रतिनिधि गण, संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नगरपालिका के परिसीमन में छूटे गांवों के लोगों को बना दिया गया नगर का मतदाता

अमर ख्याल संवाददाता

कर्नलगंज( गोण्डा )तहसील मुख्यालय स्थित नगर पालिका कर्नलगंज क्षेत्र में कहीं मतदाता सूची में नाम न होने की शिकायत है तो कहीं लोगों के नाम फर्जी तरीके से काटे जाने की शिकायत है तो वहीं एक गांव ऐसा है जो नगर में शामिल भी नही है और मतदाता सूची में ग्रामीणों का नाम शामिल कर लिया गया है। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद के परिसीमन में जिस गांव को छोड़ दिया गया था,उसी गांव के लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया गया है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम सभा कादीपुर रग्घापुरवा के ग्रामीणों का आरोप है कि परिसीमन के समय उनके गांव को छोड़ दिया गया था। अब राजनीतिक लोगों व सरकारी कर्मचारियों द्वारा मनमानी तरीके से उन लोगों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया है।जिससे नाराज ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कस्बे की





मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की मांग की है।शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि प्रार्थीगण अनुसूचित जाति के हैं व ग्रामसभा कादीपुर रग्घा पुरवा के निवासी हैं। उन लोगों का जो निवास स्थान बना हुआ है वह नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के परिसीमन संबंधी अधिगृहीत खसरा नंबर में सम्मिलित नहीं है। वह लोग अनुसूचित जाति के हैं जो पढ़े लिखे नहीं हैं,कुछ राजनीतिक लोगों व सरकारी कर्मचारियों के द्वारा उन लोगों का नाम फर्जी तरीके से नगर पालिका के मतदाता सूची में दर्ज कर दिया गया है। कई बार लोगों द्वारा बीएलओ आदि से निवेदन करते हुए कहा गया है कि वह लोग नगर पालिका के परिसीमन क्षेत्र में नहीं आते हैं अतः उन लोगों का नाम निकाल दीजिये उन लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिससे वह टैक्स अदा नहीं कर पायेंगे तब जिम्मेदार लोगों,कर्मचारियों द्वारा कहा गया कि साहब का आदेश है हम नाम नहीं निकाल सकते। जिससे वह लोग ना ग्रामसभा के रह गए और ना नगर पालिका के, क्योंकि नगर पालिका द्वारा उन्हें परिसीमन में शामिल नहीं किया गया है जबकि मतदाता सूची में मनमानी तरीके से शामिल कर लिया गया है।जिससे काफी संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कस्बे की मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की मांग की है।शिकायतकताओं में सोमे, गनेश, केशवराम, बृजेन्द्र, सूर्यलाल, अजय, सुनीता, जगमोहन, कृष्ण मुरारी,रिंकू सोनपती आदि काफी संख्या में लोग शामिल हैं। मामले में उपजिलाधिकारी हीरालाल द्वारा तहसीलदार/राजस्व कर्मचारियों को टीम से जांच कराकर रिपोर्ट देने को कहा गया है

## पूरनपुर तहसील क्षेत्र में दो जानवरों में मिले लंपी बीमारी के लक्षण

**अमर ख्याल**

**पीलीभीत ।** जिला पीलीभीत के पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरैया कला में पशुओं में मिले लंबी बीमारी के लक्षण! पूरा मामला पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरैया कला का है जहां पर ताराचंद्र और नंद लाल के घर में पल रहे पशुओं के लंबी बीमारी के लक्षण मिले हैं! लंबी बीमारी के लक्षण जिले में सैकड़ों जानवरों में देखने को मिले हैं इसमें पशु चिकित्सा विभाग जानवरों के लिए गांव गांव जाकर दवाइयां वितरित कर रहे हैं कुछ पशुओं की इलाज ना होने के कारण मौत भी हो चुकी है अगर इस बीमारी का सही समय पर इलाज हो जाए तो पशुओं को बचाया जा सकता है

## विश्व हिंदू परिषद के हित चिंतक में भाजपा कार्यकताओं ने ली सदस्यता




**अमर ख्याल संवाददाता**

**कटरा बाजार( गोण्डा)** विश्व हिंदू परिषद के हित चिंतक अभियान के जिला संगठन मंत्री धनंजय मणि त्रिपाठी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रामजी शुक्ल मंडलमहामंत्रीआनंद शुक्ला , मंडल मंत्री सिद्धनाथ तिवारी पंकज शुक्ला राकेश तिवारी कृष्ण देव मिश्रा कृष्णदेव आदि अपने सहयोगी यों के साथ जुड़े बहुत-बहुत शुभकामनाएं विचार परिवार के सभी कार्यकर्ता अभियान से शीघ्र जुड़ने हेतु अपील की

## 25 नवम्बर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह विवाह के बंधन में बधेगे 160 से अधिक जोड़ें

### जिला पंचायत सभागार एवं विकासखंड गैसड़ी में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह





**अमर ख्याल अहमद रजा**

**बलरामपुर** में जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि कल दिनांक 25 नवंबर को जनपद में जिला पंचायत सभागार बलरामपुर एवं विकासखंड परिसर गैसड़ी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। जनपद में कुल 160 से अधिक जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। जिला पंचायत सभागार बलरामपुर में कार्यक्रम को सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड परिसर गैसड़ी में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं जलापूर्ति आदि व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।

## अवैध मादक पदार्थ का तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल संवाददाता**

**खरगूपुर(गोण्डा)** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त रक्षाराम उर्फ छोट्टन पुत्र रामउग्गर निवासी सुसंगवा थाना खरगूपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 गोली अल्प्राजोलम बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता उ0नि0 अखिलेश यादव मय टीम सहित मौजूद रहे।

# भीषण सड़क हादसे में हुई महिला की मौत

अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) भीषण सड़क हादसे में गई महिला की जान । महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के हैदरगढ़ रोड पर पाली गांव के निकट फायर स्टेशन के पास एक लोडर और कार में हुई भीषण टक्कर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। खेत देखने जा रही 80 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चालक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि लोडर चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया घटना सुबह 10:00 बजे की है बेलवा प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक कृष्ण कुमार अवस्थी महराजगंज की ओर से आ रहे थे और एक लोडर चालक फायर स्टेशन का सामान लादकर महराजगंज की तरफ से आ रहा था तभी लोडर का एक पहिया फट गया और कार और लोडर में भिड़ंत हो गई इसी की चपेट में आने से 80 वर्षीय बुधना पत्नी



रामकिशन निवासी पाली जो अपने खेत की ओर जा रही थी लोडर की चपेट में आने से उसी के नीचे दब गई जब तक लोग उसे बाहर निकालते तब तक बुधना की मौत हो चुकी थी वही लोडर चालक अनस मोहम्मद निवासी लालगंज बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बुधना को मृत घोषित कर दिया एवं कार चालक कृष्ण कुमार अवस्थी को जिला अस्पताल रेफर कर और घायल लोडर चालक का इलाज जारी है मामले में कोतवाल राजेश कुमार सिंह का कहना है कि सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया बुधना के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी

## विश्व हिंदू महासंघ के गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाये गये



**मनोज वैश्य**

सीतापुर । गौ सेवक परिवार के संस्थापक अध्यक्ष अमित गौड़ को राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ के आशीर्वाद से राष्ट्रीय संगठन मंत्री संतोष दूबे जी,उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह गंगवार के द्वारा विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश व प्रदेश उपाध्यक्ष अम्बिका श्रीवास्तव एवम नीरज कुमार सिंह प्रदेश मंत्री गौरक्षा प्रकोष्ठ के निर्देश पर मुख्यमंत्री योगी के संगठन विश्व हिंदू महासंघ के गौ रक्षा प्रकोष्ठ में अमित कुमार गौड़ को गौरक्षा प्रकोष्ठ जनपद सीतापुर का जिलाध्यक्ष घोषित किया जाता है महासंघ परिवार आप से यही उम्मीद करता है कि आप अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करेंगें और हिन्दू मान बिंदुओं की सदैव रक्षा करेंगें। प्रदेश नेतृत्व आप के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है

# डीएपी खाद के लिए अन्नदाता परेशान किसान

अमर ख्याल सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) आखिर कैसे होगी गेहूं की बुवाई जब किसानों को नहीं मिलेगी डीएपी सरकार लाख दावा करती है कि किसानों को कि सी प्रकार की समस्या नहीं होगी लेकिन जहां एक ओर किसान कड़ी धूप में कड़कड़ाती ठंड में एवं बरसते बादलों के बीच जी जान लगाकर मेहनत करके फसल उगाता हैं। वही किसान अपने आपको तब ठगा हुआ महसूस करता है जब उसे जरूरत की चीजें मुहैया नहीं हो पाती । मौजूदा वक्त में गेहूं की बुवाई चरम सीमा पर चल रही है लेकिन डीएपी खाद ना मिलने की वजह से किसानों को भारी परेशानी और समस्या उठानी पड़ रही है एक तो जिन किसानों ने अपने खेत सींच रखे हैं और खेत बोने योग्य हो गए हैं लेकिन खाद ना मिलने की वजह से जहां एक ओर सींचे हुए किसानों के खेत बेकार हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर गेहूं की बुवाई भी लेट हो रही है। लगातार शासन प्रशासन द्वारा दावा किया जाता है कि किसानों को खाद संबंधी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हैं। लेकिन जब जमीनी हकीकत देखी जाती है तो सहकारी समितियों से एवं सरकारी खाद की दुकानों से खाद नदारद मिलती है जब




किसानों को खाद नहीं मिलेगी तो आखिर बुवाई कैसे होगी देश के अन्नदाता जी तोड़ मेहनत कर अनाज पैदा कर पूरे देश का पेट भरते हैं वही किसान अपने आपको तब असहाय समझते हैं जब सरकार शासन प्रशासन किसानों को जरूरत संबंधित चीजें मुहैया कराने में नाकाम साबित होता है किसान देवेंद्र सिंह अंकेश सिंह अनिल सिंह सोमनाथ सिंह राम सजीवन यादव राम आसरे सुन्दर लाल ने बताया खाद ना मिलने की वजह से हम किसानों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है गेहूं की बुवाई लगातार लेट होती चली जा रही हैं

## बैंकों ब एटीएमओ पर चलाया सघन चेकिंग अभियान



**संवाददाता मोहम्मद आदिल**

**मुरादाबाद ।** बिलारी नगर के अलग-अलग बैंकों में मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखते हुए थाना प्रभारी बिलारी अमित कुमार ने पुलिस बल के साथ नगर के एचडीएफसी बैंक, प्रथमा बैंक, जिला सहकारी बैंक ,पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा,आदि में चेकिंग अभियान चलाया गया बैंक के आसपास खड़े हुए लोगों से भी पूछताछ की गई, ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बैंक के बाहर भीड़ इकट्ठा ना होने की चेतावनी भी दी गई, आपको बता दें कि नगर में बैंकों के सामने से वाहन चोरी साइकिल चोरी आदि की घटनाएं आए दिन होती रहती है इसीलिए बैंक के आसपास एटीएम के आसपास ज्यादा भीड़ इकट्ठा ना होने के बैंक सुरक्षाकर्मियों को दिशा निर्देश भी दिए गए।

## डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय देवरिया अलावल द्वितीय एवं ज्योतिया बेलहरी का औचक निरीक्षण



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोण्डा।** जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार ने प्राथमिक विद्यालय देवरिया अलावल द्वितीय एवं प्राथमिक विद्यालय ज्योतिया बेलहरी मुजेहना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्राथमिक विद्यालय देवरिया अलावल द्वितीय में पहुंचकर अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर एवं छात्र उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर वहां पर पढ़ रहे बच्चों से जानकारी ली तथा बच्चों को ब्लैक बोर्ड पर लिखकर पढ़ाया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आने वाले बच्चों को पढ़ाने के साथ ही साथ अन्य जानकारियां भी दी जाय। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय ज्योतिया बेलहरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर एवं छात्र उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर वहां पर पढ़ रहे बच्चों से जानकारी ली तथा बच्चों को ब्लैक बोर्ड पर पढ़ाया।इसके साथ ही विद्यालय के कक्षा तीन की छात्रा रिया तिवारी से डीएम ने वार्ता कर कई जानकारियां ली।उन्होंने कहा कि विद्यालय में आने वाले बच्चों को पढ़ाने के साथ ही साथ अन्य जानकारियां दी जाय। ताकि बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ अन्य जानकारियां भी हो सके, और उन्होंने यह कहा कि बच्चों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाय।इस अवसर पर प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अश्विन गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मुजेहना विकास मिश्र, थानाध्यक्ष धानेपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपराधियों पर आफत बनकर बरस रहे कोतवाल राजेश कुमार सिंह

### 315 अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महाराजगंज ( रायबरेली ) लगातार अपराधियों के ऊपर शिकंजा कसते चले जा रहे हैं। जिससे क्षेत्र में अपराधियों के ऊपर जहां भय का माहौल वही दूसरी ओर अराजक तत्व खौफ के साए में जीने को मजबूर हो गए। लगातार अवैध कामों पर कोतवाल की पैनी नजर बनी हुई है जिससे क्षेत्र में जहां घटने वाली घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वही अवैध काम करने वाले पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आ



**अपराधियों के लिए काल बने कोतवाल राजेश सिंह**

रहे हैं।

इसी कड़ी में कोतवाली महराजगंज द्वारा अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के अंतर्गत 23 नवंबर 2022 को थाना महराजगंज द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मनीष पुत्र जगपाल निवासी बावन बुजुर्ग बल्ला थाना महराजगंज रायबरेली को एक अदद तमंचा 315 बोर एक अदद जिदा कारतूस के साथ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 378/2022 3/25 अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक आशीष मलिक आरक्षी गौरव आरक्षी अवधेश कुमार द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया अपराधी के ऊपर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं

# डीएम ने धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर ली जानकारी



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोण्डा।** जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार ने तहसील सदर गोण्डा के अंतर्गत क्रय संस्था पीसीयू द्वारा संचालित किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड राजकीय धान क्रय केंद्र महादेवा एवं राजकीय धान क्रय केंद्र मुजेहना का औचक निरीक्षण कर ली जानकारी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर बाटमाप की जानकारी, स्टॉक रजिस्टर, खरीद रजिस्टर, किसान पंजीकरण रजिस्टर, तथा अन्य सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। धान क्रय केंद्रों कर आये हुए किसानों से जिलाधिकारी ने वार्ता कर धान खरीद एवं भुगतान तथा वहां पर मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित संबंधित धान क्रय केंद्र के सचिव एवं अन्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि धान क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी दशा में वापस ना किया जाए तथा केंद्र पर उनके बैठने की व्यवस्था, पानी पीने की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं तैयार रखें, ताकि धान विक्रय करने वाले किसानों को क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। इसके साथ उन्होंने कहा कि किसानों के द्वारा विक्रय किए गए धानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा वहां पर उपस्थित केंद्र प्रभारी एवं सचिव को निर्देश दिए हैं कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिशत धान खरीद करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, खंड विकास अधिकारी मुजेहना विकास मिश्र, थानाध्यक्ष धानेपुर, संबंधित धान क्रय केंद्र सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू,में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमर ख्याल सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, इण्टर कालेज सलेथू,में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री राजीव सिंह एवं उप प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप आफ स्कूल्स के संस्थापक प्रबंधक डा0 शशिकांत शर्मा , संयुक्त प्रबंधिका रश्मि शर्मा , न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला रायबरेली के प्रधानाचार्य श्री शिव लखन प्रजापति जी, न्यू



स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन सलेथू, रायबरेली के प्राचार्य डॉ० एस० के० पाण्डेय जी एवं अन्य अतिथियों राजीव रस्तोगी (पूर्व स्टेट लेवल प्लेयर ताइक्वांडो) एवं मोहम्मद अनवर (कोच ताइक्वांडो एसोसिएशन महराजगंज रायबरेली) का भूपेंद्र शुक्ला एवं स्पोर्ट ऑफिसर प्रेम शंकर द्वारा बैच अलंकरण कर उनका स्वागत किया गया। समापन समारोह के दौरान न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक प्रबंधक डा0 शशिकांत शर्मा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए अपने उद्बोधन में खेलकूद की उपयोगिता बताते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग है जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास और स्फूर्ति की प्राप्ति होती है यदि विद्यार्थी खेलकूद की तरह ही अध्ययन में तत्पर हो तो उनके लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ नैंशी, अनामिका त्रिपाठी, अशिंका गुप्ता, तान्या सिंह तथा जाह्नवी गुप्ता के स्वागत गीत के साथ हुआ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम गणेश वन्दना की प्रस्तुति प्रभांशी, मुस्कान, यशी, रिया, अनन्या, समीक्षा, अदिती आदि के द्वारा प्रस्तुत किया गया। तदोपरान्त वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता पुरूस्कार वितरण में जलेबी रेस में नर्सरी के आकर्ष रनर एवं शगुन विनर, एल.के.जी. में सम्राट रनर एवं अंश विनर, यू.के.जी. में अंश चौरासिया रनर एवं शैलेन्द्र विनर, फ्रॉग रेस में नर्सरी में बलराम मिश्रा रनर एवं अनुभव यादव विनर, एल.के.जी. में सम्राट रनर एवं सिद्धान्त सिंह विनर, यू.के.जी में शैलेन्द्र रनर एवं अक्षित विनर तथा सिम्पल रेस में नर्सरी में सात्विक गुप्ता रनर एवं कार्तिक यादव विनर, एल.के.जी. में रूद्राशीष रनर एवं सम्राट विनर, यू.के.जी. में शैलेन्द्र रनर एवं अक्षित विनर इसी कडी में (प्राइमरी- 1 एवं 2) सिम्पल रेस में सानिध्य यादव रनर एवं दिव्यांश कश्यप विनर, फ्रॉग रेस में हिमांशू यादव रनर एवं सानिध्य यादव विनर, रिंग रेस में सानिध्य यादव रनर एवं हरिओम कश्यप विनर तथा (प्राइमरी- 3 से 5) स्पून रेस में नितिन विश्वकर्मा रनर एवं अर्पिता यादव विनर, सैक रेस में आकर्श यादव रनर एवं अमित यादव विनर, वन लेग रेस में देवांश कश्यप रनर एवं जैद कुरैशी विनर तथा चेयर रेस में हिमांशू रनर एवं जैद कुरैशी विनर रहे जिनको त्रिपुला प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्या सलेथू के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## दुष्कर्म करने का दोषी अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल संवाददाता**

**उमरीबेगमगंज (गोण्डा)** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुकदमा से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त दुमनी पुत्र दोस्त मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा थाना उमरीबेगमगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता टीम थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी थाना उमरीबेगमगंज मय टीम सहित मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस-वे नई पहचान, सूखा और डकैती बुंदेलखंड की पुरानी बात: सीएम योगी

◀◀ सीएम योगी ने झांसी में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को किया संबोधित

■लखनऊ/झांसी

बुंदेलखंड कभी देश और प्रदेश में सूखा, बदहाली, अराजकता और प्राकृतिक संसाधनों पर लूट खसोट के लिए जाना जाता था। प्राकृतिक सौंदर्य और संसाधनों से समृद्ध होने के बाद भी कुछ निजी स्वार्थी तत्वों द्वारा यहां की तस्वीर को देश में बहुत खराब तरीके से प्रस्तुत किया जाता था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम बनने के बाद सबसे पहले बुंदेलखंड से दौरा करने को कहा था। उसके बाद से बुंदेलखंड विकास की नई ऊचाइयों को छूता हुआ दिखाई पड़ रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज झांसी में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने 328 करोड़ रुपये की लगात से तैयार होने वाली 102 विकास परियोजनाओं को लोकार्पण और शिलान्यास बटन दबाकर किया। कार्यक्रम में सीएम ने पर्यटन के



विकास पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने पहले दौरे के दौरान जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की घोषणा की थी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल पहले राष्ट्र को समर्पित किया। इसके शुरू होने से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी महज 5 घंटे में तय हो रही है। यह वही बुंदेलखंड था जहां आवागमन काफी कठिन था, आज दूरी घट चुकी है। आवागमन आसान हो चुका है। पहले बुंदेलखंड पानी के लिए तरसता था, ऐसा नहीं है कि यहां पानी की मात्रा में कमी है, यहां पानी प्राप्त मात्रा में था। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के तहत आज हम बुंदेलखंड के हर गांव और हर घर तक शुद्ध आरओ पेयजल पहुंचाने के नजदीक पहुंच चुके हैं। जल्द ही बुंदेलखंड के हर घर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इससे यहां के लोगों की आधी से ज्यादा बीमारी का समाधान होगा। सीएम ने कहा कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का मतलब व्यक्ति को जीने के लिए ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को और आसान बना देता है क्योंकि तमाम बीमारियों की वजह दूषित पेयजल है। शुद्ध पेयजल से दवा का खर्च बचेगा, इसके साथ ही अब बहन बेटियों को पानी लाने के लिए 10 किलोमीटर पैदल नहीं जाना होगा। आज बुंदेलखंड की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। बुंदेलखंड में शुद्ध पेयजल की समस्या अब पुरानी बात हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर की दो महत्वपूर्ण यूनिट झांसी और चित्रकूट में बन रही हैं। बुंदेलखंड में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। आज बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी काफी बेहतर हुई है। इससे भी आगे बढ़कर बुंदेलखंड के युवाओं को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। बुंदेलखंड डकैती से मुक्त हुआ है। यहां पर माफियाओं और अपराधियों का बोलबाला समाप्त हुआ है। ये माफिया पहले गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करने के साथ व्यापारियों की संपत्तियां हड़प लेते थे। सत्ता की धमक दिखाकर प्रशासन को दरकिनार कर राह चलते हुए लोगों का जीना हराम करते हुए यहां के संसाधनों की लूट खसोट करते थे। आज सरकार ने ब्याज सहित इसकी वसूली शुरू कर दी है। माफिया कहीं भी छिपा है उसे ढूंढकर पुलिस उसका इलाज कर रही है। अगर अब तक अवैध तरीके से सरकारी संसाधनों को लूटने, गरीब और व्यापारी की संपत्ति पर कब्जा करने वाले अपराधियों की जमीन पर कब्जा खाली नहीं हुआ है तो ब्याज सहित उसे खाली कराने की तैयारी चल रही है। वर्ष 2017 के पहले ये माफिया गरीबों और व्यापारियों के लिए संकट बने हुए थे। सत्ता की धमक दिखा करके प्रशासन और पुलिस को भी प्रताड़ित करते थे। आज वही पुलिस इन माफियाओं के काल बन चुकी है। अब इनकी संपत्ति पर गरीबों के लिए आवास बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही इससे विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। बुंदेलखंड पर्यटन और निवेश का स्थान बन सकता है। जिलाधिकारी झांसी द्वारा लिखी गई पर्यटन विकास की काफी टेबल का विमोचन किया गया है, जो यह बता रही है कि बुंदेलखंड में अपूर्व विकास होगा। महारानी लक्ष्मी बाई ने देश की आजादी के लिए खुद को बलिदान किया था इसे कोई नहीं भूल सकता। उनका शौर्य और पराक्रम लोगों को 1857 की याद दिलाता है। योगी ने कहा कि बुंदेलखंड पहले बदहाल था, लेकिन मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि बुंदेलखंड बदहाल नहीं होगा। सरकार बिना भेदभाव हर तबके के लोगों को आवास, पानी, शौचालय उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। वहीं रसोई गैस और बिजली कनेक्शन आदि सुविधाएं युद्धस्तर पर चल रही हैं। प्रदेश में युवतियों से छेड़छाड़ न हो और व्यापारी के साथ कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार बेहद संवेदनशील



■लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने एक स्थानीय होटल में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि देश की आबादी में 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है, इन्हें मुख्य धारा से जोड़ने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उनमें आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। अर्थात् जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहां देवताओं का वास होता है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिये प्रदेश सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी व स्वरोजगार योजनाओं में व्यापक स्तर पर महिलाओं को जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किये गये हैं। इसके अलावा मिशन शक्ति अभियान, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी विभिन्न योजनायें चलायी गई हैं। नई सोच के जरिए मौजूदा व्यवस्थाओं में विचार करने की जरूरत है। महिलाओं के समक्ष कई सारी चुनौतियां है। महिलाओं के प्रति रूढ़ीवादी मानसिकता और मौजूदा शक्ति संरचनाओं में बदलाव की आवश्यकता है। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में पुरुषों को समान भूमिका निभानी चाहिए।

## निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी

■बिजनौर

लगभग 15 किलोमीटर दूर मंडावली गांव में जिस तरह से मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है उससे ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार करने वाले और भ्रष्टाचार कराने वाले दोनों ही बलवान हैं। खुलेआम जिस तरह नाले के निर्माण में रेत ही रेत लगाया जा रहा है उसे देख कर ऐसा लगता है की कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। केवल जेई और ठेकेदार और अन्य अधिकारीगण ही मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें लाखों रुपए खर्च किए गए हैं लेकिन वहां जनता का गुस्सा उस समय फूट पड़ा जब ठेकेदार द्वारा मनको की अनदेखी कर कार्य किया जा रहा था और कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। ठेकेदार की मनमानी से लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया और वहां झगड़े जैसा माहौल बन गया लेकिन



सच्चाई यह है जिस तरह के कार्य कराए जा रहे हैं जिस तरह की नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें कंक्रीट सीमेंट रेत बजरी तराई का ध्यान नहीं रखा गया है। केवल अपने कमीशन का विशेष ध्यान रखा गया है। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है लेकिन अधिकारीगण शिकायत करने के बावजूद भी मौके पर नहीं पहुंचे और ना ही उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि ठेकेदार मानकों की अनदेखी क्यों कर रहा है।

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में पैसे ट्रांसफर करने में आनाकानी

■बिजनौर

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने की वजह दर्द देने वाले की कमी नहीं है वही विभाग में प्राइवेट तौर पर काम करने वाले एमआईएस जो काफी समय से डूडा विभाग में काम करता है और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में जब तक पैसे नहीं डालता जब तक की जेई उसे पैसे लाकर ना दे दे जेई यो की मिलीभगत के चलते जो व्यक्ति पैसे नहीं देता है या पैसे देने में आनाकानी करता है तो एमआईएस पद पर तैनात आशु उन लोगों के पैसे को रोक लेता है उनके खाते में पैसे नहीं भेजता जब उनसे वसूली कर लेते हैं जितनी भी वसूली होती है उतने ही लोगों के पैसे खाते में डाल दिए जाते हैं यदि कोई व्यक्ति इसकी शिकायत करता है तो आंसू नाम का यह व्यक्ति सीआईडीसी चंद्रकांत और कई अन्य दलाल मिलकर उसके फार्म पर आपत्ति लगाकर उसे निरस्त कराने की धमकी भी देते हैं विभाग मैं बड़े-बड़े घोटाले हो रहे हैं और लाभार्थियों को लाभ न देकर सक्षम लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं। जो पात्र लोग होते हैं वह इस योजना से वंचित रह जाते हैं और जो सक्षम होते हैं उन लोगों को लाभ इन लोगों के माध्यम से मिल रहा है जिसका घोटाला आए दिन प्रकाशित हो रहा है आशु आर्य जैसे एमआईएस के खिलाफ लोगों ने मोर्चा खोल दिया है और इनकी शिकायत मुख्यमंत्री के यहां भी कर दी है उधर विभाग में सी एलटीसी चंद्रकांत आर्य पीओ डूडा एपीओ डूडा की भी इसमें अहम भूमिका है।

## कराह रहे हैं प्रयागराज में विकास को बंधक बनाने वाले माफिया: मुख्यमंत्री

■लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में किसी गरीब, व्यापारी, बेटी और युवा के हितों के साथ खिलवाड़ संभव नहीं है। वर्षों तक जो माफिया प्रयागराज के विकास में बैरियर बने रहे, गरीबों के जमीन पर अवैध कब्जे करते रहे, जिन्होंने युवाओं के साथ छल किया, आज सरकार की जीरो टॉलरेंस वाली नीति की सख्त कार्रवाई से कराह रहे हैं। माफिया के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर आज प्रयागराज में गरीबों के लिए मकान बन रहे हैं। आगे भी किसी ने ऐसा दुस्साहस करने की कोशिश की तो उससे अवैध कब्जा तो छुड़ाया जाएगा ही, माफिया की संपत्ति पर गरीबों के लिए ही घर बनाएंगे। गुरुवार को संगमनगरी में प्रबुद्धजन सम्मेलन में विभिन्न वर्गों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के विकास के लिए सभी से सुझाव भी मांगे। प्रयागराज के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री योगी ने खास मौके पर प्रयागराज को ?1295 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का उपहार भी दिया। इनमें ?325.16 करोड़ की 35 परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ जबकि ?969.57 करोड़ की 249 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। प्रबुद्धजन सम्मेलन में प्रयागराज की पावन भूमि को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज धर्म, शिक्षा तथा न्याय की नगरी है। तीर्थराज प्रयाग सम्पूर्ण भारत की आस्था का प्रतिमान है। द्वादश माधव, गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम,



लेटे हुए हनुमान जी इसे तीर्थों में सबसे महत्वपूर्ण बनाते हैं। प्रयागराज कुंभ 2019 का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कुंभ से पूर्व अक्टूबर, 2018 में हमें इस जनपद को इसका पुराना नाम प्रयागराज देने का गौरव मिला। इससे प्रयागराज की वैदिक व पौराणिक पहचान को पुनः ख्याति मिली। हालिया विधानसभा चुनाव में प्रयागराजवासियों से मिले अपार समर्थन के प्रति आभार जताते हुए सीएम ने कहा कि उस जन विश्वास का ही परिणाम है कि आज प्रयागराज में हर गरीब को घर मिल रहा है, गरीबों के घर निःशुल्क बिजली कनेक्शन है, रसोई गैस है। कोरोना काल की चुनौतियों की याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय हमें प्रयागराज से 15,000 युवाओं को उनके घर पहुंचाना पड़ा था। तब हमने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं और उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए अभ्युदय योजना शुरू की और आज यह योजना हर जिले में चल रही है। प्रबुद्धजनों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण की चर्चा करते मुख्यमंत्री ने आजादी के अमृत काल मे इन संकल्पों की पूर्ति में योगदान का आह्वान भी किया। वहीं प्रयागराज कुंभ 2025 को अभूतपूर्व आयोजन बनाने के लिए सहयोग भी मांगा। सीएम ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम पर दिव्य एवं भव्य कुंभ आयोजित हुआ था। इतने विशाल मेले को सुरक्षा एवं स्वच्छता के साथ सकुशल सम्पन्न किया जाना अपने में एक कीर्तिमान था। इस आयोजन ने स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था के मानक स्थापित किए थे। यह आयोजन नेतृत्व क्षमता व पब्लिक मैनेजमेन्ट का आदर्श उदाहरण बना। अब 2025 कुंभ के लिए प्रयागराज तैयार हो रहा है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत चयनित प्रयागराज में आधुनिक नगरीय सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। प्रयागराज ईज़ ऑफ लिविंग के पैमाने में शानदार हो रहा है। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री द्वय और कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल नंदी सहित अनेक गणमान्य जनों ने भी अपने विचार रखे।

## *आरडीएसएस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन*



**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक, अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के निर्देशन में रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन विद्युत प्रशिक्षण संस्थान निकट, ऊर्जा भवन, मेरठ में सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सतेन्द्र सिंह मुख्य अभियन्ता(एचआरए) ने की व विशिष्ट अतिथि नरेश भारती अधीक्षण अभियन्ता रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि सतेन्द्र सिंह मुख्य अभियन्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि एनपीटीआई के द्वारा रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के सफल क्रियान्वयन हेतु नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। विभिन्न क्षेत्रों से आये अभियन्ता नवीनतम जानकारी प्राप्त कर निश्चित तौर पर लाभान्वित होंगे। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सम्बन्ध में तकनीकी ज्ञान को अपने अधीनस्थ अभियन्ताओं से भी साझा करें जिससे लाईन हानियों को कम करने एवं विद्युत संरचना को सुदृढ़ करने में मदद मिल सके एनपीटीआई के, कार्यक्रम के निदेशक डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि निगम के मुरादाबाद, गाजियाबाद, सहारनपुर, बुलन्दशहर आदि जनपदों के 40 अभियन्ताओं को आरडीएसएस के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

## मिशन निरामया के अंतर्गत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थानों की तय की जाएगी रेटिंग

■लखनऊ

उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को दुरुस्त रखने और भविष्य में और अधिक कार्यबल तैयार करने के उद्देश्य से योगी सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना मिशन निरामया के अंतर्गत अब स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थानों का वार्षिक मूल्यांकन करने का निर्णय लिया है। इसमें चयनित संस्थानों को उनके शिक्षण, अध्यापन व उनके बुनियादी ढांचे की उपलब्धता और छात्रों के व्यवहारिक कौशल पर मूल्यांकन किया जाएगा। ऐसे सभी संस्थानों का मूल्यांकन एक स्वतंत्र एजेंसी के द्वारा किया जाएगा और इस कार्य का उत्तरदायित्व भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) को सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। सकारात्मक प्रयासों के साथ चिकित्सा क्षेत्र को और अधिक मजबूती देने व स्वास्थ्य कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए सीएम योगी ने 22 अक्टूबर को 'मिशन निरामया' की शुरुआत की थी। इस मिशन के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थानों के साथ मिलकर काम करने की दिशा में विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। क्यूसीआई ने चिकित्सा शिक्षा के तकनीकी भागीदारों के सहयोग से पहले ही एक विस्तृत ऑनलाइन स्व-मूल्यांकन फॉर्म तैयार किया है। सभी संस्थानों द्वारा इस फॉर्म को भरकर ऑनलाइन जमा किया जाएगा, जिसके बाद क्यूसीआई टीम पूरे राज्य में सभी संस्थानों का भौतिक रूप से मूल्यांकन करेगी और उसी आधार पर अंतिम रेटिंग 2023 की पहली तिमाही के अंत में शुरू की जाएगी। प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार आलोक कुमार ने भी इसके प्रति स्पष्ट जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मिशन निरामया के तहत उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर जनशक्ति के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में किए गए कई प्रारंभिक और बहुत महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। संस्थानों की रेटिंग से एक ओर तो भावी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं को अच्छे संस्थान के लिए निर्णय करने में मदद मिलेगी। संस्थान जहां ऐसी व्यवस्थाओं का अभाव है सुधार के क्षेत्रों को जानने में भी मदद मिलेगी। आलोक कुमार के अनुसार, जो संस्थान औसत से नीचे प्रदर्शन कर रहे हैं उनको बेहतर कार्य करने वाले संस्थानों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## राजभवन में तैयार है भगवान बुद्ध का प्रसाद काला नमक धान

■लखनऊ/गोरखपुर

जुलाई में लखनऊ के राजभवन में करीब आधा एकड़ रकबे में रोपी गई कालानमक धान की फसल पककर तैयार है। इस महीने के अंत में या दिसंबर के शुरू में इसकी कटाई होगी। यहां रोपा गया कालानमक पूरी तरह जैविक है। इसमें खाद एवं कीटनाशक के रूप में किसी भी तरह के रसायन का प्रयोग नहीं किया गया है। मसलन यह पूरी तरह जैविक है। उल्लेखनीय है कि कालानमक धान मूलतः गौतम बुद्ध से जुड़े सिद्धार्थनगर का उत्पाद है। ई योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इसकी विशिष्टाओं की वजह से ही इसे जीआई (जियोग्राफिकल इंडीकेशन) भी मिल चुका है। इसका मतलब यह हुआ कि जिन जिलों की कृषि जलवायु सिद्धार्थनगर के समान है, उनमें पैदा होने कालानमक की खूबियां एक जैसी होंगी। ऐसे समान कृषि जलवायु वाले जिलों में महाराजगंज, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बलरामपुर, बहराइच, बस्ती, कुशीनगर, गोंडा, बाराबंकी, देवरिया व गोंडा भी आते हैं। जीआई से कालानमक को विस्तार मिला तो 2018 में योगी सरकार द्वारा इसे सिद्धार्थनगर का ओडीओपी एक जिला,एक उत्पाद घोषित करने से इसकी लोकप्रियता में चार चांद लग गए। नतीजतन पांच साल पहले जो कालानमक धान विलुप्त होने की कगार पर था। जिसका रकबा घटकर 2200 हेक्टेयर तक सिमट गया था वह गुजर रहे खरीफ के सीजन में बढ़कर करीब 70 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया। इस तरह कालानमक जीआई और ओडीओपी के पंख पर सवार होकर लगातार समृद्धि का शिखर चूमने की ओर अग्रसर है। सरकार के प्रोत्साहन से कालानमक की खेती से जुड़े किसान मालामाल हो रहे हैं तो इसकी महक व पोषक तत्वों की पूरी दुनिया मुरीद हो रही है। इसी क्रम में यह खरीफ के बीते सीजन में राजभवन को भी रास आ गया। कालानमक धान की खेती किसानों की आय दोगुनी करने में कारगर साबित हो रही है। बड़ी संख्या में किसान इसकी खेती की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। यह योगी सरकार की तरफ से सिद्धार्थनगर की ओडीओपी के इस उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए लगातार हुए प्रयासों का परिणाम है। हर खरीफ सीजन में खेती के लिए कालानमक धान के बीज की मांग बढ़ती जा रही है। गत खरीफ सीजन से करीब तीन गुना बीज की बिक्री इस सीजन में हुई।

महाकुंभ | *अब खुद से है प्रतिस्पर्धा, महाकुंभ को भव्य-दिव्य बनाने में न हो कोई कसर : मुख्यमंत्री*

# नए भारत के नए उप्र का प्रतीक उत्सव होगा महाकुंभ 2025 : योगी

■लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रयागराज कुंभ 2019 के भव्य और दिव्य आयोजन ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक पटल पर एक विशिष्ट पहचान दी है। यूनेस्को ने इसे विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया है। आगामी महाकुंभ 2025 से दुनिया भर की अपेक्षाएं जुड़ी हैं, इसलिए महाकुंभ 2025 प्रदेश की 24 करोड़ जनता के लिए पूरी दुनिया के समक्ष उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता सांस्कृतिक समृद्धि एवं पर्यटन की सुविधाओं को प्रदर्शित करते हुए इस आयोजन को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के प्रतीक चिन्ह के रूप प्रस्तुत करने का एक अवसर है। इस अवसर को पहचानते हुए अगले 02 वर्ष में टीमवर्क, अनुकरणीय प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट परियोजनाओं के क्रियान्वयन की उत्कृष्ट क्षमता का परिचय देते हुए सभी विभाग टीम बनकर किया जाना चाहिए। गुरुवार



को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों के संबंध में पहली औपचारिक बैठक की। महाकुंभ मेले की निविदाओं में कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्बन्ध में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जाए और प्रत्येक सप्ताह परियोजनाओं की मॉनीटरिंग की जाए। सभी परियोजनाओं को ऑनलाइन व्यवस्था से जोड़ा जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रयागराज कुंभ-2019 का सफल आयोजन दिव्य और भव्य कुम्भ के रूप में किया गया, जिसमें स्वच्छता, सुरक्षा सुव्यवस्था के मानक स्थापित हुए थे। प्रयागराज कुंभ-2019 कई मायनों में अभूतपूर्व था। 200 वर्षों में प्रथम बार किसी भी दुर्घटना के बिना कुंभ मेले का आयोजन किया गया। प्रयागराज शहर को एक आधुनिक स्मार्ट सिटी के रूप में कायाकल्पित किया गया। आयोजन से जुड़ी सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ ससमय पूरा किया गया। भारत सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर स्वच्छता, सुरक्षा, भव्यता, सुव्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं पर सराहनीय कार्य किया गया। पहली बार कुंभ को एक नया लोगो दिया गया। 450 वर्षो से बंद अक्षयवट व सरस्वती कूप को दर्शन के लिए खोला गया। 24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों ने गंगा जी के स्वच्छ और निर्मल जल में स्नान किया। प्रयागराज कुंभ-2019 में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों सहित 70 देशों के राजदूत तथा 3,200 से अधिक अप्रवासी भारतीय आए। इस दौरान स्वच्छता, परिवहन एवं सामुदायिक सहभागिता के क्षेत्र में 03 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित हुए। यही नहीं, शासन और प्रशासन के बीच सामंजस्य एवं टीमवर्क, उत्कृष्ट प्लॉनिंग, अखाड़ा, आचार्य बाड़ा, दंडी बाड़ा, खाक चौक, प्रयागवाल एवं कल्पवासियों के साथ निरन्तर संवाद, जनप्रतिनिधियों के सहयोग तथा मेले के विभिन्न आयामों में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए पुरानी सभी परम्पराओं को आगे बढ़ाने के कारण कुम्भ मेला सकुशल सम्पन्न हुआ। धार्मिक संस्थानों के साथ अच्छे सामन्जस्य का परिचय दिया गया। सभी विभागों के मंत्रीगणों व अधिकारीगणों ने सही मंशा से मां गंगा की सेवा की। देश-विदेश की मीडिया मेले में सक्रिय रही। आगामी आयोजन की तैयारी करते समय हमें पिछले कुंभ की इस गरिमा का ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 को संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर तथा प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता का प्रदर्शन करने वाली एक उत्कृष्ट परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया जाए। तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ मेले के सम्बन्ध में जो कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया है।

# गलवान घाटी पर ऋचा चड्ढा ने किया ट्वीट

## जमकर मचा हंगामा, मांगनी पड़ी माफी

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने माफी मांगते हुए गलवान घाटी पर किए अपने ट्वीट को डिलीट कर दिया है। भारतीय सेना और गालवान घाटी की घटना के दौरान शहीद हुए जवानों का कथित रूप से मजाक उड़ाने के बाद अभिनेत्री ने ट्विटर पर काफी हलचल मचाई और उन्हें कड़ी प्रतिक्रिया मिली। अब घंटों बाद अभिनेत्री ने पोस्ट को हटा दिया और अपने ट्विट के लिए माफी मांगते हुए अपना बयान साझा किया। इसकी शुरुआत तब हुई जब ऋचा ने अपने ट्विटर टाइमलाइन पर नॉर्दर्न आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बयान को फिर से शेयर किया और लिखा, फ्रगलवान सेज हाय।फ्र अभिनेत्री को कड़ी प्रतिक्रिया मिली और सोशल मीडिया उसको उनके शब्दों के लिए क्रूरता से ट्रोल किया गया। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा के खिलाफ सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग और ऑनलाइन कड़ी प्रतिक्रिया जारी रही, ट्विट करने के तुरंत बाद उन्होंने अपना अकाउंट प्राइवेट कर दिया और उसके बाद अपना माफी नामा साझा करते हुए उन्होंने सार्वजनिक रूप से एक नोट शेयर किया। ऋचा ने इसको लेकर माफी मांगते हुए कहा कि ट्वीट से मेरा उद्देश्य सेना का अपमान करने का नहीं था। मेरे तीन शब्दों को विवाद में घसीटा गया। अगर किसी को भी बुरा लगा हो तो माफी चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मेरे नानाजी खुद फौज में थे और लेफ्टिनेंट कर्नल की पोस्ट पर थे। भारत-चीन युद्ध में उनके पैर में गोली लगी थी। मेरे मामाजी भी पैराट्रूपर थे। ये मेरे खून में है। अगर सेना में कोई शहीद होता है तो उससे पूरा परिवार प्रभावित होता है। यहां तक कि अगर कोई सेना में घायल होता है तो भी दर्दनाक होता है। ये मेरे लिए एक भावनात्मक मुद्दा है। बयान में लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था, हम पाकिस्तान से पीओके वापस लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हम सरकार के आदेशों का इंतजार कर रहे हैं। हम ऑपरेशन जल्दी पूरा करेंगे। इससे पहले अगर पाकिस्तान सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है, तो जवाब अलग होगा। वे कल्पना भी नहीं कर सकते। सिनेमा इंसानी मनोरंजन का मात्र एक साधन हैं। व्यक्ति जब अपने काम से फ्री होता हैं और कुछ समय के लिए अपने दिमाग को रिलेक्स करना चाहता है तो वह फिल्में या ओटीटी देख लेता हैं। सिमेना हमारे समाज का ही कुछ हद तक आइना होता हैं। हमारे देश के असल हीरो जो देश के लिए अपनी जान का बलिदान करते हैं। सरहद पर जमी बर्फ में अपनी जिंदगी बिता देते हैं। रेगिस्तान की गर्मी में खड़े होकर हमें दुश्मन से बचा रहे हैं, जो देश की आजादी के लिए एक लंबी लड़ाई करते हैं, खौफनाक से खौफनाक बम-बारूद और गोलियों का सामना करते हैं। घर के अंदर बैठा आम इंसान को ऐसी के मजे ले रहा है और उन महान लोगों पर कमेंट कर रहा हैं... क्या आप उसकी बात को सीरीयस लेंगे? असल जिंदगी के महान लोगों के किरदार पर्दे पर निभा कर लाइमलाइट आने वाले क्या आपको लगता है कि असल संघर्ष की सच्चाई को समझ सकते हैं?



# अदिवी शेष की फिल्म हिट-2 का ट्रेलर रिलीज



अदिवी शेष की आने वाली फिल्म हिट द सेकेंड केस का ट्रेलर चौंकाने वाला है। अदिवी शेष अभिनीत हिट- द सेकेंड केस का ट्रेलर दिल्ली में भयावह श्रद्धा वाकर हत्याकांड की याद दिलाता है। दिल्ली में हाल ही में एक महिला की हत्या और उसके शव को क्षत-विक्षत करने की भयानक सच्ची घटना ने लोगों को चौंका दिया। फिल्म की कहानी भी कुछ उसी तरह से हैं। हिट - द सेकेंड केस का नवीनतम ट्रेलर ठीक उसी अपराध को दर्शाता है! यह फिल्म एक साल पहले लिखी गई थी और वास्तविक जीवन की ऐसी भीषण त्रासदी के एक सप्ताह के भीतर ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ। यह एक संयोग मात्र हैं। हिट 2 में शेष को होमिसाइड इंटरवेंशन टीम में कूल कॉप केडी की भूमिका में दिखाया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में मीनाक्षी चौधरी हैं, जबकि राव रमेश, श्रीकांत मगंती, कोमली प्रसाद मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर हमें एक शांत पुलिस वाले कृष्ण देव की यात्रा की एक झलक देता है, जिसका सामना एक भयानक मामले से होता है।

# भेड़िया मूवी स्टार-कास्ट वरुण धवन और कृति सैनन फैन्स से मिलने वेगस मॉल पहुंचे



फिल्म भेड़िया की प्रमुख स्टार कास्ट वरुण धवन और कृति सैनन अपनी आगामी फिल्म के प्रचार के लिए और अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए द्वारका सेक्टर 14 के वेगस मॉल में पहुंचे, यहाँ अपने पसंदीदा स्टार्स से मिलने के लिए हजारों की संख्या में फैन्स मौजूद थे। इस कार्यक्रम का आयोजन मॉल के सेंट्रल पियाजा में शाम को किया गया। वरुण धवन और कृति सैनन ने मॉल में शुक्रवार को रिलीज होने वाली अपनी फिल्म के चार्टबस्टर गानों पर डांस कर फैन्स का मनोरंजन किया हैं। वरुण धवन ने चुटीले अंदाज में भेड़िया मूवी के कुछ डायलोग को प्रशंसकों के बीच दोहराया जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया, और मंच तालियों और सिटी से बजने लगी। इसके बाद उनके फैन्स ने यहाँ उनके साथ सेल्फी भी क्लिक कीं। प्रशंसकों की इच्छाओं को पूरा करते हुए कृति सनोन ने भी अपनी फिल्म के प्रसिद्ध संवादों का उच्चारण किया जिसका दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। वरुण धवन और कृति सैनन ने फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई कुछ डरावनी घटनाओं को भी साझा किया जो समान रूप से हास्य और विस्मय से भरी थीं। देर शाम से शुरू हुआ कार्यक्रम रात तक चलता रहा। इस आयोजन के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, वेगस मॉल के एवीपी श्री रविंदर चौधरी ने कहा, वेगस मॉल ने हमेशा अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले मनोरंजन प्रदान करने के लिए खुद को एक मंच के रूप में बनाए रखा है। हम बॉलीवुड के सितारों वरुण धवन और कृति सैनन का वेगस मॉल में स्वागत करने के लिए उत्साहित थे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति और ऊर्जावान प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका बड़े पैमाने पर अनुसरण करने वाले लोग उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में वेगस मॉल में एकत्रित हुए। जिसे हमने उचित भीड़ प्रबंधन के द्वारा व्यवस्थित किया और कार्यक्रम को सफलता के साथ संचालित किया। हमें खुशी है की वेगस मॉल बेहतरीन मनोरंजन स्थल के रूप में उभरा है क्योंकि कई सिनेमा सितारे और पॉप-संस्कृति आइकन अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मॉल में आ रहे हैं। एक मनोरंजन केंद्र के रूप में वेगस मॉल अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए, मॉल आने वाले को अपने पसंदीदा सितारों को देखने और मिलने का अवसर दे रहा है।

# शादी की रस्में हुईं शुरू हंसिका मोटवानी के चेहरे पर आया दुल्हन-सा निखार



दुल्हन बनने वाली हंसिका मोटवानी ने बुधवार को अपने प्री-वेडिंग उत्सव की शुरुआत की। हंसिका मोटवानी दिसंबर में सोहेल खतुरिया के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली है। नंवबर से ही उनके घर के अंदर कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। प्री-वेडिंग शूट से पहले आशीर्वाद लेने के लिए माता की चौकी पर देखा गया था। इस मौके की कई झलकियां सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। युगल ने माता की चौकी की यात्रा के साथ अपने उत्सव की शुरुआत की, जिसके लिए हंसिका ने लाल झिलमिलाती साड़ी पहनी हुई थी।

हंसिका मोटवानी बिजनेसमैन ब्वॉयफ्रेंड सोहेल खतुरिया के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। दोनों की शादी 4 दिसंबर को जयपुर के मुंडोता फोर्ट एंड पैलेस में होगी। आने वाली शादी का जश्न हाल ही में माता की चौकी के साथ शुरू हुआ। इसके तुरंत बाद, हंसिका ने सोशल मीडिया पर अपनी प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की और वे ट्रेंड होने लगी। समारोह के लिए होने वाली दुल्हन और उनके मंगेतर सोहेल खतुरिया ने माता की चौकी के लिए लाल रंग की ड्रेस पहनी। दोनों ने समारोह में लाल रंग की मैचिंग की थी। होने वाली दुल्हन लाल साड़ी में बहुत खूबसूरत लग रही थी, जिसे उन्होंने एक स्टेटमेंट चोकर, मैचिंग इयररिंग्स और मांग टिक्का के साथ एक्सेसराइज किया। उनके खुले बाल, भारी आईशैडो और दुल्हन की चमक उसके लुक में चार चांद लगा रही थी। दूसरी ओर सोहेल ने इवेंट के लिए हैवी मिरर वर्क वाली लाल शेरवानी चुनी।

> "हंसिका मोटवानी बिजनेसमैन ब्वॉयफ्रेंड सोहेल खतुरिया के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। दोनों की शादी 4 दिसंबर को जयपुर के मुंडोता फोर्ट एंड पैलेस में होगी।"

# अनुपम खेर

## की शानदार यात्रा और सूरज बड़जात्या की उंचाई की सफलता का जश्न मनाया



आर बाल्की, कबीर खान, आनंद एल राय, लव रंजन, मधुर भंडारकर और निर्माता महावीर जैन ने गोवा में ईफ्फी में दिग्गज अनुपम खेर की शानदार यात्रा और सूरज बड़जात्या की उंचाई की सफलता का जश्न मनाया। भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं में से एक अनुपम खेर, जिन्होंने हाल ही में निर्माता महावीर जैन के साथ राजश्री प्रोडक्शन के साथ उनकी नवीनतम फिल्म उंचाई में काम किया था, तभी से वे निर्माता की प्रशंसा कर रहे हैं। महावीर जैन राम सेतु, गुड लक जैरी आदि फिल्मों के निर्माण के लिए जाने जाते हैं। अनुपम खेर ने पुरस्कार विजेता निर्माता की प्रशंसा करने के लिए ट्विटर पर लिखा, 2022 में मेरी सफलता और ऊंचाई की सफलता का स्वागत करने के लिए कुछ बेहतरीन निर्देशकों को एक साथ लाने के लिए धन्यवाद ₹महावीर जैन जी। धन्यवाद प्रिय आर बाल्की , आनंद एल राय , लव रंजन, मधुर भंडारकर, कबीर खान आपकी गर्मजोशी और प्रशंसा के लिए!



# मनी लॉन्ड्रिंग मामला...

## अदालत में बहस नहीं होने से जैकलीन को राहत

### 12 दिसंबर तक टली सुनवाई...

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को राहत मिल गई है। दरसअल, सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग केस में आज दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई होने वाली थी। लेकिन, कोर्ट में जैकलीन फर्नांडीज पर लगे आरोपों पर कोई बहस नहीं हुई और सुनवाई को 12 दिसंबर तक के लिए टाल दिया गया। यानी अब जैकलीन फर्नांडीज को मिली जमानत पर फैसला 18 दिन बाद लिया जाएगा। याद दिला दें, ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नाम जुड़ने के बाद से ही जैकलीन मुश्किल में आ गई हैं।जब से प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में अभिनेत्री को आरोपी बनाया है, तभी से वह उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। हालांकि, विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक, (जिन्होंने पहले जैकलीन को अंतरिम जमानत दी थी) ने ईडी की ओर से पेश की गई दलीलों को सुनने और 2 लाख रुपये के निजी मुचलके व इतनी ही राशि में एक जमानतदार पेश करने की शर्त पर जमानत दी थी। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट में ईडी ने दलील दी थी कि जैकलीन आसानी से देश से भाग सकती हैं क्योंकि उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। इस पर अदालत ने सवाल किया था कि जब एलओसी जारी हो चुका था और बाकी आरोपी जेल में थे तो अभी तक अभिनेत्री को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। वहीं जैकलीन की तरफ से यह कहते हुए जमानत मांगी गई थी कि उन्हें हिरासत की कोई जरूरत नहीं थी क्योंकि जांच पहले ही पूरी हो चुकी थी और आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका था। बता दें कि कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के द्वारा अभिनेत्री जैकलीन को करोड़ों के गिफ्ट दिए गए थे और इस मामले में अब तक कई बार और कई लोगों से अलग-अलग पूछताछ की जा चुकी है। अब जैकलीन फर्नांडिस पर गिरफ्तारी की गाज गिरती नजर आ रही है। फिलहाल अब 12 दिसंबर को अदालत के फैसले के बाद ही पता चलेगा की इस मामले में जैकलीन को राहत मिलती है

## एक नजर

### वेल्स के खिलाफ वैकल्पिक गोलकीपर के साथ उतर सकता है ईरान

**दोहा।** ईरान के गोलकीपर अली बेरानवंद विश्व कप के पहले मुकाबले में चोटिल हो गए थे और उनका वेल्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले ग्रुप बी के मैच में उतरने की कम संभावना है। बेरानवंद की अनुपस्थिति में हुसैन हुसैनी को गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभानी पड़ सकती है। उनके लिए यह बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उनका सामना गैरेथ बेल जैसे खिलाड़ी से होगा। ईरान अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 6-2 से हार गया था और वह ग्रुप में में सबसे निचले पायदान पर है। हुसैनी पहले ही एक दमदार प्रतिद्वंदी का सामना कर चुके हैं। बेरानवंद के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने ही गोलकीपर की जिम्मेदारी संभाली थी लेकिन वह पूरी तरह से नाकाम रहे थे। ईरान ने बेरानवंद की स्थिति के बारे में नहीं बताया है। बस उसने इतनी जानकारी दी है कि उनकी नाक पर चोट लगी है। वेल्स के खिलाफ ईरान पिछले मैच जैसी गलतियों से बचना चाहेगा जब इंग्लैंड के सामने उसकी एक नहीं चल पाई थी। ईरान के कोच कार्लोस क्विरोज ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ मिली हार से हमने काफी कुछ सीखा है और वेल्स के खिलाफ हम बेहतर तरह से तैयार होकर उतरेंगे। वेल्स ने अपना पहला मैच अमेरिका के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था। बेल ने तब 82वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला था। यह वेल्स का 1958 के बाद विश्व कप मैच में पहला अंक था। ईरान को बेल से सतर्क रहना होगा जिन्होंने 109 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अब तक 41 गोल किए हैं। वेल्स इस मैच में कीफर मूर को भी मौका दे सकता है जिनका यह विश्व कप में पहला मैच होगा। ईरान ने पिछले दो विश्वकप में भी जगह बनाई थी लेकिन वह नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाया था और इस बार भी ऐसी कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। वेल्स उसके खिलाफ जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी संभावनाएं मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

### विश्व टीम शतरंज: फ्रांस को हराकर भारत अंतिम चार में

**यरूसलम।** भारत ने टाईब्रेकर तक चले मुकाबले में फ्रांस को पराजित करके फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले दोनों मुकाबलों में दोनों टीम बराबरी पर रही जिसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें भारत ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत दर्ज की। भारत की जीत के नायक निहाल सरीन और एस एल नारायणन रहे जिन्होंने क्रमश: जूल्स मौसर्ड और लॉरेंट फ्रेसिनेट को हराया। भारत के शीर्ष खिलाड़ी विदित गुजराती ने फ्रांसीसी स्टार मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को 45 चाल में बराबरी पर रोका जबकि के शशिकिरण को मैक्सिमे लेगार्ड ने 55 चाल में पराजित किया।

## वेस्टइंडीज की अभ्यास मैच में अच्छी शुरुआत


**एजेंसी ■ कैनबरा**



तेज गेंदबाज अलजारी जोसफ के चार विकेटों की मदद से ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश को 322 रन पर समेटने के बाद वेस्टइंडीज ने अभ्यास क्रिकेट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को यहां अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 65 रन बनाए। घरेलू टीम ने सुबह अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 279 रन से आगे बढ़ाई और इसमें 25 रन और जोड़े। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसफ ने 65 रन देकर चार जबकि स्पिनर रोस्टन चेज ने 72 रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रैग ब्रैथवेट (73 गेंदों पर नाबाद 33 रन) और तेगनारायण चंद्रपॉल (85 गेंदों पर नाबाद 32 रन) ने गुलाबी गेंद से खेले जा रहे इस मैच में टीम को ठोस शुरुआत दी। वेस्टइंडीज इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगा जिसका पहला मैच अगले बुधवार से पर्थ में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट में आठ दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा।

## नीदरलैंड और इक्वाडोर के मैच में स्ट्राइकर के बीच होगा मुकाबला

**एजेंसी ■ दोहा**



इक्वाडोर के स्ट्राइकर इनर वैलेंसिया और नीदरलैंड के फॉरवर्ड मेम्फिस डेपे का प्रदर्शन शुक्रवार को होने वाले विश्वकप मुकाबले में काफी हद तक परिणाम का निर्धारण करेगा। यह दोनों ही स्ट्राइकर अलग शैली के हैं। वैलेंसिया के शॉट अधिक ताकतवर और सीधे होते हैं जबकि डेपे ज्यादा कुशल हैं। यह दोनों ही खिलाड़ी अपनी टीम के लिए बेहद महत्व रखते हैं और ऐसे में इस मुकाबले में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम के छह अंक हो जाएंगे और उसकी ग्रुप ए में स्थिति मजबूत हो जाएगी। वैलेंसिया ने कतर के खिलाफ इक्वाडोर की तरफ से दोनों गोल किए थे। वह अब तक अंतराष्ट्रीय फुटबॉल में 37 गोल कर चुके हैं। दूसरी तरफ नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर सेनेगल को 2-0 से हराया था। डेपे उस मैच में दूसरे हाफ में ही मैदान पर उतरे थे। डेपे ने नीदरलैंड को विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने क्वालीफाइंग दौर में 12 गोल किए और छह गोल करने में मदद की थी। यूरोप का कोई भी अन्य खिलाड़ी इस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाया था। उम्मीद है कि इक्वाडोर के खिलाफ नीदरलैंड के कोच लुई वान गाल उन्हें शुरुआती एकादश में रखेंगे। वान गाल ने कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जो अंतर पैदा कर सकता है लेकिन मुझे उसकी फॉर्म का आकलन करना होगा। वैलेंसिया और डेपे को रोकने के लिए दोनों टीम के रक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। इसलिए इस मैच में दोनों टीम की रक्षा पंक्ति की कड़ी परीक्षा होगी।

# एंबोलो के गोल से स्विट्ज़रलैंड ने कैमरून को 1-0 से हराया



**एजेंसी ■ अल वाकराह (कतर)**

ब्रील एंबोलो के गोल से स्विट्जरलैंड ने गुरुवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप जी मैच में कैमरून को 1-0 से हरा दिया। एंबोलो ने भले ही स्विट्जरलैंड को महत्वपूर्ण जीत दिलाई हो लेकिन उन्होंने अपने इस वादे को निभाया कि अगर वह उस देश के खिलाफ गोल करेंगे जहां उनका जन्म हुआ तो वह इसका जश्न नहीं मनाएंगे। एंबोलो ने 48वें मिनट में गोलमुख के सामने मिले शेरडन शकीरी के पास को दाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर गोल में पहुंचाया। एंबोलो ने गोल करने के बाद अपने दोनों हाथ फैला दिए और जब टीम के उनके साथी जश्न मनाने के लिए उनकी तरफ दौड़े तो उन्होंने अपने दोनों हाथ मुंह पर रख लिए। उन्होंने अल जेनोब स्टेडियम में गोल के पीछे मौजूद स्विट्जरलैंड के प्रशंसकों और फिर विपरीत गोल के पीछे मौजूद कैमरून के प्रशंसकों की ओर इशारा किया। पच्चीस साल के फारवर्ड एंबोलो ने पांच साल की उम्र में अपने परिवार के साथ कैमरून छोड़ दिया था। उनका परिवार पहले फ्रांस में रहा लेकिन बाद में स्विट्जरलैंड में बस गया। वह दूसरी बार विश्व कप में स्विट्जरलैंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अफ्रीका में जन्में खिलाड़ी ने भले ही गोल किया हो लेकिन अफ्रीका की टीमें चार मैच खेलने के बावजूद अब तक मौजूदा विश्व कप में कोई गोल नहीं कर पाई हैं। इन सभी टीम ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ मुकाबले खेले हैं। मोरक्को और ट्यूनीशिया ने तो क्रमशः क्रोएशिया और डेनमार्क को गोल रहित बराबरी पर रोका। इस हार के साथ विश्व कप फाइनल्स टूर्नामेंट में कैमरून की हार का सिलसिला आठ मैच तक पहुंच गया। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। दोनों टीमों ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की। कैमरून ने 10वें मिनट में गोल करने का स्पष्ट मौका गंवा दिया। स्विट्जरलैंड के सेंट्रल डिफेंडर्स के ऊपर से सीधा पास कार्ल टोको एकांबी के पास पहुंचा लेकिन वह सिर्फ 10 मीटर की दूरी से शॉट को गोल के ऊपर से बाहर मार बैठे।

दोनों टीमों ने पहले हाफ में अधिक मौके नहीं बनाए और रक्षात्मक खेल को तरजीह दी जिससे मध्यांतर तक स्कोर गोल रहित बराबरी पर रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही एंबोलो ने स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी। बाएं छोर से बने मूव के बाद गेंद दाएं छोर पर शकीरी के पास पहुंची जिन्होंने इसे एंबोलो तक पहुंचाया और इस फारवर्ड ने गोल दागने में कोई गलती नहीं की। कैमरून ने स्विट्जरलैंड पर दबाव डाला। मैच के 66वें मिनट में आंद्रे-फ्रैंक जांबो एंगुइसा के हैडर को स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर ने आसानी से बचा लिया। स्विट्जरलैंड ने इसके कुछ देर बाद एक और मूव बनाया जो एंबोलो के गोल वाले मूव की तरह ही था लेकिन इस बार कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना ने रूबेन वर्गास के शॉट को बचा लिया। खेल से पहले कैमरून के महान खिलाड़ी रोजर मिला को मैदान पर उतारा गया। इस दौरान 1990 के विश्व कप में उनके गोलों का एक वीडियो भी प्रशंसकों को दिखाया गया। कैमरून उस विश्व कप में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली अफ्रीकी टीम बना था। मिला के साथ कैमरून के महानतम खिलाड़ी सैमुअल इटो ओ भी शामिल हुए जो अब इस देश के फुटबॉल महासंघ के प्रमुख हैं। कैमरून ने पिछली बार विश्व कप में 2002 में जब सऊदी अरब के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी तब एकमात्र गोल इटो ओ ने ही दागा था।

## सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटना चाहेगा मेजबान कतर

**एजेंसी ■ दोहा**



विश्व कप मेजबान कतर के लिए बद से बदतर साबित हो सकता है, अगर उसके खिलाड़ी ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में अफ्रीकी चैम्पियन सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटने में सफल नहीं हो पाए। कतर पहले ही विश्व कप के शुरूआती मैच को गंवाने वाला पहला मेजबान बन चुका है। उसे रविवार को इक्वाडोर से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इससे उस पर ग्रुप चरण से बाहर होने वाला दूसरा मेजबान बनने का खतरा भी मंडरा रहा है जबकि पहली बार ऐसा 2010 में दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था। अगर वह प्रत्एक मैच में हार गया? या फिर घरेलू विश्व कप में एक भी गोल करने में सफल नहीं रहा तो इससे फीफा के छोटे और अमीर खाड़ी देश को विश्व कप की मेजबानी सौंपने के फैसले की और भी आलोचना होगी जो 12 साल पहले मेजबानी का अधिकार जीतने से पहले फुटबॉल के इस बड़े टूर्नामेंट में कभी भी क्वालीफाई नहीं कर सका था। कतर के कोच फेलिक्स सांचेज ने कहा, हम इस जिम्मेदरी से थोड़े अभिभूत थे। हम थोड़े नर्वस भी थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम (सेनेगल के खिलाफ) थोड़े कम दबाव में होंगे और हम मैच में अधिक प्रतिस्पर्धी तरीके से खेलेंगे। मुझे लगता है कि हम इसकी ओर काम कर सकते हैं। कतर के पास शुक्रवार को सेनेगल के खिलाफ होने वाले मैच में यह दिखाने का मौका होगा कि वह विश्व कप में शामिल होने का हकदार है। प्रतिद्वंद्वी टीम में इंग्लैंड, स्पेन, इटली और फ्रांस की शीर्ष लीग में खेलने वाले कई खिलाड़ी होंगे, भले ही उसे चोटिल फॉरवर्ड सादियो माने की कमी खल रही हो। सांचेज ने कहा, हम अभी काफी सुधार कर सकते हैं। कतर भले ही 2019 का एशियाई चैम्पियन हो लेकिन टीम का प्रत्एक सदस्य देश में स्थानीय क्लब के लिए खेलता है जो उनके और विश्व कप के मानक के बीच अंतर का संकेत हो सकता है। सेनेगल को भले ही मजबूत नीदरलैंड से शुरूआती मैच में हार मिली हो लेकिन उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को परेशानी में डाला था। पर दूसरे हाफ में उसके मिडफील्डर चेखोऊ कोयाते और डिफेंडर अब्दोऊडियाओ चोटिल हो गए थे जिससे मैच के दौरान टीम की लय पर असर पड़ा था और नीदरलैंड ने इसी का फायदा उठाते हुए अंत में गोल दागकर जीत दर्ज की थी। कोयाते के कतर के खिलाफ मैच से बाहर रहने की संभावना है लेकिन सेनेगेल के कोच अलियोऊ सिसे ने कहा कि टीम का ध्यान अगले मैच पर लगा हुआ है जिसमें उन्हें इस्माइला सार, बोलाए दिया और क्रेपिन डियाटा की नई फॉरवर्ड पंक्ति से काफी उम्मीदें लगी हुई हैं।

## अमेरिका के खिलाफ उलटफेर से बचना चाहेगा इंग्लैंड

**दोहा।** इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप में अपने शुरूआती मैच में ईरान के खिलाफ छह गोल दागे लेकिन दो गोल गंवाए भी जो कोच गेरेथ साउथगेट के लिए अमेरिका के खिलाफ होने वाले टीम के अगले मैच से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि इससे अमेरिका के लिए उम्मीद भी बनी है। सोमवार को ईरान पर 6-2 की जीत के बाद साउथगेट ने कहा, मैच के अंत में हम थोड़े लापरवाह दिखे। पर कोच ने चेताया कि अमेरिकी टीम ग्रुप बी के शुक्रवार को होने वाले मैच में पूरी तरह से तैयार होगी और मैदान पर अपना सर्वस्व देने के लिए उतरेगी। टूर्नामेंट में पहले ही कई उलटफेर हो चुके हैं जिसमें सऊदी अरब की अर्जेंटीना पर और जापान की जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत शामिल है। हालांकि अगर अमेरिकी टीम इंग्लैंड पर जीत दर्ज कर लेती है तो इसका दर्जा सऊदी अरब की जीत की तरह नहीं होगा लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ग्रेग बरहाल्टर की टीम टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में शुमार इंग्लैंड के खिलाफ अंडरडॉग की तरह होगी। ईरान के खिलाफ गंवाए गए दो गोल ने साउथगेट को चिंता में डाल दिया है। उनका खिलाड़ियों को संदेश बहुत ही स्पष्ट रहा है, उन्हें अमेरिकी टीम के खिलाफ बेहतर खेल दिखाना होगा जिसने अपने शुरूआती ग्रुप मैच में वेल्स से 1-1 से ड्रा खेला। इंग्लैंड के गोलकीपर जोर्डन पिकफोर्ड ने कहा, उनकी टीम शीर्ष स्तरीय है जिसमें काफी शीर्ष खिलाड़ी हैं जो प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, लेकिन बतौर टीम हम शत प्रतिशत देंगे। हम ईरान के खिलाफ नतीजे के बाद अमेरिका के खिलाफ मैच में सकारात्मक होकर खेलेंगे।

## शॉर्ट न्यूज

### हॉकी इंडिया ओलंपियन और पूर्व खिलाड़ियों को देगा विश्व कप के कॉम्प्लीमेंट्री टिकट

**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने गुरूवार को घोषणा की कि देश के सभी हॉकी ओलंपियन और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले आगामी पुरूष विश्व कप मैच देखने के लिए कॉम्प्लीमेंटरी (मानार्थ) टिकट दिए जाएंगे। सोलह टीमों का यह टूर्नामेंट 13 से 29 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। मैच यहां कलिंग स्टेडियम और राउरकेला में नव निर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के लिए खेल के सभी भारतीय दिग्गजों (जिसमें ओलंपियन भी शामिल) को आमंत्रित करना सम्मान की बात होगी। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ियों की मौजूदगी से निश्चित रूप से पुरूष विश्व कप में भारतीय पुरूष टीम का मनोबल बढ़ेगा। सिंह ने कहा, पूर्व हॉकी दिग्गजों के अपार योगदान को ध्यान में रखते हुए हॉकी इंडिया उन्हें ओड़िशा में मैच देखने, सभी टीमों को प्रेरित और चीयर करने के लिए उनका स्वागत करती है। इससे पहले गुरूवार को हॉकी इंडिया ने टिकटों की ऑनलाइन बिक्री की शुरूआत कर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के 50 दिन की उलटी गिनती भी शुरू की।

### हार्दिक के कप्तानी कौशल से भारत को टी20 क्रिकेट में काफी मदद मिल सकती है: मिलर

**अबुधाबी।** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर डेविड मिलर का मानना है कि बतौर कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी अभूतपूर्व मानसिक स्पष्टता और काम करने के तरीके से भारतीय टी20 टीम को निर्भीक बना सकते हैं। हार्दिक को 2024 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा के अगले दो साल तक खेल के इस प्रारूप में इस जिम्मेदारी को निभाने की उम्मीद नहीं है। पिछले दो वर्षों में खेल के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर में शामिल हुए मिलर दक्षिण अफ्रीका को दबाव भरी परिस्थितियों से उबारने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि हार्दिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटन्स को पदार्पण में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने यहां अबुधाबी टी10 लीग के मौके पर कहा, आईपीएल में उनकी कप्तानी में खेलने से मुझे लगता है कि वह नैसर्गिक नेतृत्वकर्ता है, लोग उसका अनुकरण करते हैं। आप जैसा खेलना चाहते हो, वह आपको वैसा ही खेलने की आजादी देता है। वह बतौर कप्तान बहुत एकजुट रखने वाला है, वह चाहता है कि हर कोई एक दूसरे के करीब रहे। मिलर ने कहा, साथ ही वह अनुशासन के मामले में भी बहुत ही स्पष्ट है। उसमें बतौर कप्तान काफी अच्छे गुण हैं। उन्होंने कहा, आईपीएल में भी जैसे जैसे सत्र आगे बढ़ता रहा, वह बेहतर से बेहतर होता रहा और मुझे (भारतीय टीम में भी उसके) यही करने की उम्मीद है। भारत को पावरप्ले में अपनी पुराने रवैए में बदलाव की जरूरत है तो क्या हार्दिक यह बदलाव ला सकते हैं और खिलाड़ियों को विफलता के बारे में चिंतित नहीं होने का गुर सीखा सकते हैं?, इस पर मिलर ने कहा, बिलकुल। वह मानसिक रूप से खिलाड़ियों को काफी बेहतर बना देगा। शत प्रतिशत। वह हमेशा खिलाड़ियों को वही करने देता है जो वे करना चाहते हैं जो काफी महत्वपूर्ण हैं। मिलर को गुरूवार को अमेरिकी की टी10 फ्रेंचाइजी मोरिसविले सैम्प आर्म का उप कप्तान नियुक्त किया गया।

### कनाडा की विश्वकप में वापसी यादगार नहीं बनने दी बेल्जियम ने

**अल रेयान।** मिकी बात्सुयाइ के पहले हॉफ के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बेल्जियम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद कनाडा को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। कनाडा 36 साल बाद विश्वकप में भाग ले रहा है। उसने अच्छे प्रयास किए लेकिन बात्सुयाइ के 44वें मिनट में किए गए गोल से उसकी वापसी यादगार नहीं बन पाई। विश्व में दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम किसी भी समय अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई। उसके गोलकीपर थिबाउट कौरटोइस ने अगर शुरू में पेनल्टी नहीं बचाई होती तो परिणाम इसके उलट भी हो सकता था। बेल्जियम के लिए जीत के अलावा मैच में जश्न मनाने वाली कोई अन्य चीज नहीं रही। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक केविन डी ब्रूएन भी अपने और टीम के प्रदर्शन से निराश थे। जब उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तो वह इस फैसले पर भी हैरान थे। डी ब्रूएन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने अच्छा खेल दिखाया। मैं नहीं जानता कि मुझे यह ट्रॉफी क्यों दी गई। मुझे लगता है कि मेरे नाम के कारण मुझे यह पुरस्कार मिला। बेल्जियम की उम्रदराज टीम को कुछ अवसरों पर कनाडा ने कड़ी चुनौती दी। कनाडा ने विश्वकप के इतिहास में अब तक जो चार मैच खेले हैं वह उन सभी में गोल करने में नाकाम रहा है। उसने 1986 के विश्वकप में तीन मैच खेले थे जिनमें वह गोल नहीं कर पाया था। कनाडा ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने गोल पर 21 शॉट जमाए जबकि बेल्जियम नौ शॉट ही जमा सका।

**एकदिवसीय मैच** — भारत में होने वाले वनडे विश्वकप के शुरू होने में अब केवल 11 महीने का समय बचा है

## धवन की अगुवाई में वनडे विश्वकप की तैयारियों की शुरुआत करेगा भारत

**एजेंसी ■ ऑकलैंड**




टी20 प्रारूप में पुराना रवैया अपनाने के कारण आलोचना झेल रही भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला से अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्वकप की तैयारियों की भी शुरुआत करेगी। भारत को 2020 में विराट कोहली की अगुवाई में न्यूजीलैंड के हाथों श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था और टीम अतीत की इस हार को भूलकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी। भारत में होने वाले वनडे विश्वकप के शुरू होने में अब केवल 11 महीने का समय बचा है तथा शुक्रवार से शुरू होने वाली श्रृंखला से भारत के मध्यक्रम और गेंदबाजी आक्रमण को लेकर हर किसी को शुरुआती आइडिया मिल जाएगा। भारत के पांच सीनियर खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा, करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, टीम प्रबंधन के प्रिय केएल राहुल, तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह और वनडे में नंबर एक ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं और ऐसे में कुछ हद तक यह पता चल जाएगा टीम किस दिशा में आगे बढ़ रही है। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों को अब अधिक से अधिक वनडे क्रिकेट खेलना होगा जिसकी शुरुआत बांग्लादेश श्रृंखला से होगी। उनकी वापसी के बाद टीम संयोजन में काफी बदलाव देखने को मिलेगा। इन सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में शिखर धवन टीम की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों में वनडे में लगभग 1000 रन बनाए हैं। पिछले दो वर्षों में वह केवल इसी प्रारूप में खेले हैं। अगर इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो कोहली और रोहित दोनों ने धवन के मुकाबले में एक तिहाई वनडे ही खेले हैं

### टीम इस प्रकार हैं


**भारत:** शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, दीपक चाहर, अर्शदीप सिंह, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप सेन, उमरान मलिक।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, डेविन कॉनवे, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, टिम साउदी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, मिशेल सेंटनर, लॉकी फर्ग्यूसन। **मैच भारतीय समय अनुसार सुबह सात बजे शुरू होगा।**

### द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाने की जरूरत: विलियमसन

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि अत्याधिक क्रिकेट खेला जाना हाल में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे श्रृंखला के दौरान दर्शकों की कम उपस्थिति का कारण हो सकता है और स्टेडियमों में प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हाल की वनडे श्रृंखला में बहुत कम दर्शक स्टेडियम में पहुंचे। इनमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया अंतिम मैच भी शामिल है।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले, भाजपा यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने को प्रतिबद्ध



**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव में यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा जोर-शोर से उठ रहा है। इसी कड़ी में अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा समान नागरिक संहिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन बहस और चर्चा के बाद। उन्होंने कहा कि जनसंघ के दिनों से ही देश की जनता से भाजपा ने ये वादा किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही नहीं, संविधान सभा ने भी संसद और राज्यों को उचित समय पर यूसीसी लाने की सलाह दी थी, क्योंकि किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश के लिए कानून धर्म के आधार पर नहीं होने चाहिए। यदि देश और राज्य धर्मनिरपेक्ष हैं, तो कानून धर्म पर आधारित कैसे हो सकते हैं? हर किसी के लिए, संसद या राज्य विधानसभाओं से पारित एक कानून होना चाहिए।

**लोकतंत्र में बहस जरूरी :** अमित शाह ने दावा किया कि संविधान सभा की प्रतिबद्धता को समय के साथ भुला दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़कर कोई अन्य पार्टी समान नागरिक संहिता के पक्ष में नहीं है। लोकतंत्र में बहस जरूरी है। इस मुद्दे पर खुली और हेल्दी डिबेट की जरूरत है। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा शासित तीन राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक पैनल बनाया गया है, जहां विभिन्न धर्मों के लोग अपने विचार रख रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी ने की महाकुंभ-2025 की तैयारियों की समीक्षा

# अधिकारियों को दिए दीपावली 2024 तक सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कराए जाने के निर्देश

**प्रयागराज (कुन्दन श्रीवास्तव)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में महाकुंभ-2025 एवं माघ मेला-2023 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि महाकुंभ-2025 यूनीक, अविस्मर्णीय, ग्रीन, दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने महाकुंभ-2025 के आयोजन से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाकुंभ-2025 की सभी तैयारियां दीपावली-2024 को लक्ष्य बनाकर पूर्ण करने की तैयारी करें। मुख्यमंत्री ने विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि महाकुंभ-2025 में लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उसी के अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ-2025 में 1000 इलेक्ट्रानिक बसों के लगाये जाने के लिए कार्य योजना बनाये जाने के लिए कहा है, जिससे कि महाकुंभ-2025 को प्रदूषण मुक्त के रूप में आयोजित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने ई-रिक्शा संचालन की व्यवस्था किए जाने के लिए भी प्रस्ताव बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने महकुंभ-2025 में सीएनजी से मोटर बोट चलाये जाने के लिए कार्ययोजना बनाये जाने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ-2025 में पार्किंग के लिए लगभग 2500 हेक्टेयर जमीन की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए प्रस्ताव बनाये जाने के लिए कहा है।

### पीडब्लूडी एवं सेतु विभाग को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने पीडब्लूडी एवं सेतु विभाग को आधे-अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि जिन ओवरब्रिजों का निर्माण कार्य किन्हीं कारणों से रूका हुआ है, तत्संबंधी समस्याओं को तत्काल दूर करते हुए निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को महाकुंभ-2025 के मद्देनजर आने वाले लोगो के लिए आवासीय व्यवस्था के लिए अच्छे होटल बनाए जाने का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने सर्किट हाउस की भी क्षमता बढ़ाए जाने के लिए भी कहा है। मुख्यमंत्री द्वादश माधव सर्किट को जोड़ने के कार्य संबंधी योजना का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने अच्छी योजनाएं अभी से बनाए जाने के लिए कहा है। सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने नदियों को चैनेलाइज करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि गंगा जी में पर्याप्त जल की व्यवस्था रहे। उन्होंने महाकुंभ-2025 को यूनीक इवेंट के रूप में आयोजित किए जाने के लिए कहा है। महाकुंभ-2025 को कुंभ-2019 से अधिक विस्तृत क्षेत्रफल में आयोजित करने के लिए कहा है।

## जायसवाल रेलवे बाक्सिंग चैंपियनशिप में रेफरी नियुक्त



**प्रयागराज (ब्यूरो)।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में ट्रेन मैनेजर मनीष जायसवाल को रेलवे बोर्ड ने 76वीं पुरुष एंव 15वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे बाक्सिंग चैम्पियनशिप में रेफरी / जज नियुक्त किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 26 नवंबर को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में मालेगांव गुवाहाटी में हो रही है। श्री जायसवाल को इसके लिए रिलीव कर दिया है और इस दौरान शाखाधिकारी सहित उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं हैं।

## बेरोजगारों से शासन प्रशासन को लेना-देना नहीं : युवा मंच

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** बेरोजगारों के ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन न देने से युवा निराश हैं। बेरोजगारों की पीड़ा को सुनने और उनको हल के लिए छात्रों से मुलाकात की अपील युवा मंच द्वारा शासन प्रशासन को पत्र प्रेषित कर की गई थी। छात्रों की मुलाकात कराने के बजाय युवा मंच अध्यक्ष अनिल सिंह को हिरासत में लेना बेरोजगारों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया को दर्शाता है। मंच आरोप लगाया कि शासन प्रशासन को बेरोजगारों की तकलीफों व उनके ज्वलंत मुद्दों से कोई वास्ता नहीं है।

## लखीसराय में नक्सली उपेन्द्र बिंद गिरफ्तार

**लखीसराय, (एजेंसी)।** बिहार में लखीसराय जिले के किउल थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुरुवार को नक्सली उपेन्द्र बिंद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सूचना के आधार पर जलप्पा स्थान के निकट छापेमारी की गयी। इस दौरान नक्सली उपेन्द्र बिंद को गिफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सली जिले के चानन थाना क्षेत्र के कछुआ गांव का रहने वाला है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी नक्सली के विरूद्ध जिले के पीरीबाजार थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## आज का इतिहास

- 1741: रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्डस के सहयोग से तख्ता पलट कर सेंट पीटर्सबर्ग की सत्ता पर कब्जा जमाया।
- 1866: इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन।
- 1867: अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
- 1948: भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर(एनसीसी) की स्थापना।
- 1949: संविधान के निर्माता बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने संविधान सभा में ऐतिहासिक भाषण दिया।
- 1952: क्रिकेट से राजनीति में आये पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जन्म।
- 1960: भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच टेलीफोन की एसटीडी व्यवस्था का प्रयोग किया गया।
- 1965: फ्रांस ने अपना पहला सेटेलाइट लांच किया।

## मुख्यमंत्री पद को लेकर साफ किया अपना रुख

# अशोक गहलोत ने सचिन पायलट को बताया गद्दार

**जयपुर ■ एजेंसी**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर निशाना साधा है। अशोक गहलोत ने सचिन पायलट की आलोचना करते हुए उन्हें गद्दार करार दिया है। उन्होंने कहा कि, एक गद्दार मुख्यमंत्री नहीं हो सकता है। हाईकमान सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बना सकता है। एक आदमी जिसके पास 10 विधायक नहीं हैं, जिसने विद्रोह किया, उसने पार्टी को धोखा दिया, उसने गद्दारी की है।

अशोक गहलोत ने 2020 के राजनीतिक संकट का जिक्र करते हुए कहा कि ये देश के इतिहास में पहली बार हुआ होगा कि एक पार्टी अध्यक्ष ने ही अपनी सरकार को गिराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा की तरफ से पैसा दिया गया था। भाजपा के दिल्ली दफ्तर से 10 करोड़ रुपए आए थे, मेरे पास सबूत है। इन पैसों में से किसे कितना दिया गया ये मुझे नहीं पता।



### राहुल गांधी के साथ यात्रा कर रहे हैं पायलट

सचिन पायलट अभी राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में हैं। यात्रा फिलहाल मध्य प्रदेश से गुजर रही है, वहीं भाजपा ने अशोक गहलोत के दावे को निराधार बताया है। भाजपा के राजस्थान प्रमुख सतीश पुनिया ने कहा कि, कांग्रेस नेतृत्व अपने घर को व्यवस्थित करने में विफल रहा है। कांग्रेस राजस्थान खो रही है, इसलिए गहलोत निराश हैं। गहलोत अपनी विफलता के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### राजस्थान के सीएम ने लगाए ये आरोप

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सचिन पायलट ने दिल्ली में भाजपा के दो वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों के साथ मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि अमित शाह और धर्मेंद्र प्रधान शामिल थे। उन्होंने (पायलट सहित) दिल्ली में एक बैठक की थी, उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान उस होटल में भी मुलाकात करने गए थे, जहां विद्रोह करने वाले नेता ठहरे थे। सीएम गहलोत ने दावा किया कि 2009 में, जब यूपीए की सरकार बनी तो उन्होंने ही सिफारिश की थी कि उन्हें (पायलट को) केंद्रीय मंत्री बनाया जाए।

### मैंने अपनी परवरिश में ऐसे शब्द नहीं सीखेः पायलट

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गद्दार कहे जाने पर पलटवार करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि इस तरह के अनुभवी व्यक्ति को ऐसे शब्द शोभा नहीं देते। इस समय प्राथमिकता भाजपा को हराने एकजुट होने की और राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने की है। आज राहुल गांधी देशभर में पार्टी को मजबूती देने की कोशिश कर रहे हैं और इस तरह की बयानबाजी ठीक नहीं है। पायलट ने कहा कि गहलोत मुझे निकम्मा, नाकारा और गद्दार और न जाने क्या-क्या कह रहे हैं, लेकिन ऐसी भाषा बोलना मेरी परवरिश का हिस्सा नहीं रही।

# जर्मन संग्रहालय से 2.3 मिलियन डॉलर मूल्य के 483 सोने के प्राचीन सिक्के चोरी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** जर्मनी में फिर से म्यूजियम में चोरी हो गई। चोरों ने म्यूजियम से 2.3 मिलियन डॉलर मूल्य के प्राचीन सोने के सिक्के चोरी कर लिए। सेल्टिक और रोमन म्यूजियम में जब बवेरिया के छोटे शहर मैनचिंग स्थित सेल्टिक और रोमन संग्रहालय के कर्मचारी मंगलवार सुबह म्यूजियम पहुंचे तो पता चला कि 2.3 मिलियन डॉलर कीमत के 483 प्राचीन सोने के सिक्के चोरी हो गए हैं।

कहा जा रहा है कि ये सिक्के ईसा के जन्म से करीब 100 साल पहले के हैं। ये सिक्के छोटे-छोटे बटन की तरह दिखते थे। म्यूजियम के एक अधिकारी ने बताया कि चोरी हुए सोने के सिक्कों की कीमत तकरीबन 1.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो सकती है। इस घटना पर शहर के मेयर श्री हर्बर्ट नेरब ने कहा कि ये एक बुरी फिल्म की तरह है। यह एक पूर्ण तबाही है। चोरी हुए सोने के सिक्के अपनी कीमत से ज्यादा इस शहर के समृद्ध पुरातात्विक इतिहास का प्रतीक माने जाते थे। बवेरिया के विज्ञान और कला राज्य मंत्री मार्कस ब्लूम ने इस घटना को अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि ये सिक्के हमारे इतिहास के गवाह थे। इनका चोरी होना एक आपदा है। पुलिस ने भी इस घटना की पुष्टि की है। वहीं पुलिस ने बुधवार को चोरी की पुष्टि करते हुए कहा कि पूरे इलाके के टेलीफोन लाइन की एक केबल काटकर 1,300 कनेक्शन को ठप कर दिया था।

# पीओके पर भारतीय सेना के बयान से बौखलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर भारतीय सेना के बयान से पाकिस्तान पूरी तरह से बौखला गया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने पाकिस्तान से कश्मीर को वापस लेने वाले बयान पर आपत्ति जताई है। पाकिस्तानी सेना ने बयान जारी कर कहा कि आजाद जम्मू और कश्मीर के संबंध में एक उच्च पदस्थ भारतीय सेना अधिकारी का अनुचित बयान भारतीय सशस्त्र बलों की भ्रमपूर्ण मानसिकता को दिखाता है।

### पड़ौसी देश में मची खलबली

ट्वीट्स की एक सीरीज में, डीजी आईएसपीआर ने कहा कि भारतीय सेना के अधिकारी की टिप्पणी भ्रामक है। तथाकथित लॉन्च-पैड और आतंकवादियों के निराधार आरोप से वे हमारा ध्यान भटकाना चाहते हैं।

### पाकिस्तानी सेना स्थिरता की समर्थक है

डीजी आईएसपीआर ने कहा कि भारतीय जनरल ऑफिसर के बुलंद दावे और वास्तविक महत्वाकांक्षा बौद्धिक रूप से अपमानजनक है। पाकिस्तानी सेना अच्छे के लिए एक ताकत है और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की समर्थक है। शांति की यह इच्छा हमारे क्षेत्र के खिलाफ किसी भी दुस्साहस या आक्रामकता को विफल करने की हमारी क्षमता और तैयारी से मेल खाती है। भारत के उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि भारतीय सेना पीओके को वापस लेने जैसे आदेशों को पूरा करने के लिए तैयार है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि जहां तक भारतीय सेना का संबंध है, वह भारत सरकार के दिए गए किसी भी आदेश को पूरा करेगी। जब भी इस तरह के आदेश दिए जाएंगे, हम इसके लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवाद से जुड़े आरोप भी लगाए।

# मुजफ्फरनगर दंगे में सजायाफ्ता पूर्व भाजपा विधायक विक्रम सैनी को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**प्रयागराज, (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित मुजफ्फरनगर दंगे में आरोपी सजायाफ्ता भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी को राहत नहीं दी है। कोर्ट ने अपील तय होने तक दो वर्ष की सजा निलंबित रखने की मांग में दाखिल अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि सजा रेयर आप रेयरेस्ट केस में निलंबित की जा सकती है। सजा निलंबित रखने का कोई वैध आधार नहीं है। कोर्ट ने कहा याची की अयोग्यता बरकरार रहेगी। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।

### अयोग्यता बरकरार

विधायक को घातक हथियार से लैस भिड़ द्वारा दूसरों के जीवन सुरक्षा को खतरे में डालने, लोक सेवक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने, आपराधिक बल से कानून और व्यवस्था के लिए समस्या पैदा कर शांति भंग करने के इरादे से की गई घटना पर सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने कहा नागरिकों के जीवन को खतरा खड़ा हुआ। उनके कृत्य से स्वस्थ लोकतंत्र के मूल्यों को भी नुकसान पहुंचा। यह आदेश जस्टिस समित गोपाल ने विक्रम सिंह सैनी उर्फ विकार सैनी की अपील पर दाखिल अर्जी को अस्वीकार करते हुए दिया।

### सजा निलंबित करने का कोई आधार नहीं

कोर्ट ने कहा कि याची की सजा को निलंबित करने का कोई आधार नहीं है। सजा विशेष परिस्थितियों में ही निलंबित की जा सकती है। याची की ओर से कहा गया था कि मुजफ्फरनगर में तीन हिंदू युवकों की हत्या के बाद कई स्थानों पर दंगे भड़के थे। उस समय प्रदेश में सपा की सरकार थी और विक्रम सैनी भाजपा के कद्दावर नेता थे।

## विधानसभा के सामने प्रदर्शन



मध्याह्न भोजन कर्मियों ने गुरुवार को भुवनेश्वर में शीतकालीन सत्र के दौरान ओडिशा विधानसभा के सामने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।

# 11वीं की छात्रा ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

**कुशीनगर, (एजेंसी)।** यूपी के कुशीनगर जनपद के पडरौना कोतवाली के रामधाम विशुनपुरा स्थित सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं की छात्रा ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। घटना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद स्कूल के स्टाफ ने छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी हालत नाजुक देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । छात्रा के छत से कूदने की वजह पता नहीं चल पाया है।

### गंभीर हालत में गोरखपुर रेफर

सूचना पाकर स्कूल में पहुंची पडरौना कोतवाली पुलिस ने छात्रा के बैग को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। इसी स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा गरिमा चतुर्वेदी भी परीक्षा दे रही थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब शिक्षक कॉपियां ले रहे थे, इसी दौरान गरिमा अपने क्लास से निकलकर स्कूल की सबसे ऊपरी मंजिल पर पहुंच गई, वहां जाने के बाद उसने छलांग लगा दी।

# राकांपा के पूर्व सांसद माजिद मेमन ने छोड़ी पार्टी, व्यक्तिगत कारणों का दिया हवाला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राकांपा के पूर्व सांसद माजिद मेमन ने अपनी पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने इसका ऐलान अपने ट्वीट के जरिए किया। पार्टी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान करते हुए उन्होंने शरद पवार का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने इसके पार्टी से अलग होने के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि एनसीपी के साथ मेरे 16 वर्षों के दौरान मुझे सम्मान और अमूल्य मार्गदर्शन देने के लिए एनसीपी प्रमुख माननीय शरद पवार जी का आभार। व्यक्तिगत कारणों से मैं तत्काल प्रभाव से एनसीपी का सदस्य बनना बंद करता हूं। मेरी शुभकामनाएं हमेशा पवार साहब और पार्टी के साथ हैं। उन्होंने हाल ही में उन्होंने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा था कि पीएम मोदी में जो गुण हैं वो विपक्षी नेताओं में नहीं हैं। अगर नरेंद्र मोदी लोगों के मत जीतते हैं और उन्हें दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में भी दिखाया जाता है तो उनमें जरूर कुछ अच्छे गुण या अच्छे काम होंगे जिसे कि विपक्षी नेताओं ने नहीं किया। हालांकि बाद में उन्होंने बयान से यूटर्न लिया था। उन्होंने कहा था कि वे पीएम मोदी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का समर्थन नहीं करते हैं।

# नामीबिया ने गिराई जर्मन अधिकारी की प्रतिमा

**विंडहॉक, (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी देश नामीबिया की राजधानी विंडहोक में एक जर्मन अधिकारी की औपनिवेशिक युग की प्रतिमा को स्थानीय कार्यकर्ताओं के दबाव में बुधवार को हटा दिया।

मीडिया में ए कर्ट फेयरवेल आंदोलन के एक आंदोलनकारी हिल्डेगार्ड टाइटस के हवाले से कहा कि यह क्षण उस गरिमा की याद दिलता है जब शहर का सफाया हो रहा था। प्रतिमा को गिराए जाने से भावनात्मक जुड़ाव है। यह नवीनतम प्रतिमा है जिसे पूरी दुनिया के कार्यकर्ताओं के रूप में इसे नीचे गिराने के लिए और औपनिवेशिक युग के अधिकारियों के प्रतिनिधित्व को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कर्ट वॉन फ्रेंकोइस को दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्र में औपनिवेशिक उत्पीड़न के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। उनकी 2.4 मीटर की कांस्य प्रतिमा का अनावरण 1965 में किया गया था। संग्रहालय के क्यूरेटर आरोन नंबादी ने कहा कि वहां इसे ऐतिहासिक संदर्भ की व्याख्या के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। हम इतिहासकार और क्यूरेटर के रूप में इस परियोजना में शामिल थे जिससे गलत कथा को सही किया जा सके कि वॉन फ्रेंकोइस शहर के संस्थापक थे।

**सियासत**

## शरद पवार का महाराष्ट्र के गवर्नर पर निशाना

# राज्यपाल कोश्यारी ने सारी हदें की पार

**मुंबई ■ (एजेंसी)**



महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। इस बार एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि ऐसे शख्स (कोश्यारी) को बड़ा पद नहीं देना चाहिए।

शरद पवार ने कहा कि गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी ने सारी हदें पार कर दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। इसके साथ ही कहा कि ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों को बड़े पद देना ठीक नहीं है।

### मामला क्या है?

महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने शनिवार को औरंगाबाद में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को डी. लिट की उपाधि से नवाजते हुए महाराष्ट्र में 'आदर्श लोगों' की बात करते हुए बीआर आंबेडकर और गडकरी का जिक्र किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी 'पुराने जमाने' के आदर्श थे, वहीं इस पर नितिन गडकरी कह चुके हैं कि शिवाजी महाराज हमारे भगवान हैं।

### हीरो और आदर्श रहेंगे

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणनीस ने कहा कि सूरज और चंद्रमा का अस्तित्व रहेगा तब तक महान योद्धा शिवाजी देश के हीरो और आदर्श बने रहेंगे। इसको लेकर गवर्नर कोश्यारी के मन में भी कोई संदेह नहीं हैं।

### विपक्ष ने क्या कहा?

शिवसेना का मुखपत्र सामना ने गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी से माफी की मांग की है, वहीं एनसीपी नेता अजित पवार ने रविवार को कहा कि कोश्यारी को अगर राज्य की भावनाओं और छत्रपति शिवाजी महाराज को नहीं समझ सकते तो उन्हें अपना पद छोड़ने पर विचार करना चाहिए।

# माध्यमिक शिक्षा में शीघ्र होने जा रहा है व्यापक बदलाव : आनंद



**प्रयागराज (ब्यूरो)।** बेसिक शिक्षा में व्यापक स्तर पर बदलाव करने के बाद प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा के नवनियुक्त शिक्षा महानिदेशक (डीजी) विजय किरन आनंद अब माध्यमिक शिक्षा में व्यापक स्तर पर बदलाव की तैयारियों में जोर-शोर से लग गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं शीध्र उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान की मार्डन प्रयोगशाला (लैब) उपलब्ध हो जाएंगी, जिससे कि बच्चों को प्रयोगात्मक परीक्षा में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं विद्यालयों में बच्चों को बैठने के लिए फर्नीचर (डेस्क-बेंच सहित अन्य जरूरी फर्नीचर से संबंधित सुविधाएं) सहित सभी सुविधाएं शीध्र मुहैया करायी जाएंगी, जिससे कि बच्चों को पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाएं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)।** इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।